Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 243 | गुरूवार , 04 सितंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## एनसीआर में दिन का आगाज झमाझम बारिश के साथ



**नई दिल्ली।**

मौसम विभाग की मानें तो 5 सितंबर को दिल्ली के साथ ही एनसीआर के विभिन्न हिस्सों में मौसम ज्यादा खराब रह सकता है। दिल्ली-एनसीआर में आज फिर दिन की शुरूआत बारिश से हुई। कई हिस्सों में सुबह बारिश हुई। एनसीआर में बीते कई दिनों से रुक-रुककर बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने इस महीने भी अच्छी बारिश का आनुमान जताया है। खराब मौसम और बारिश के कारण आज भी उड़ानें प्रभावित रहेंगी। हवाई कंपनियों ने अपने यात्रियों को अपडेट रहने की सलाह दी है। राजधानी में हर वर्ष सितंबर माह में होने वाली औसत बारिश की एक तिहाई के करीब बारिश इस बार महज तीन दिनों में हो गई है। सितंबर में बुधवार तक 58.1 एमएम बारिश हो चुकी है।

## 'भारत पर टैरिफ रूस के खिलाफ सीधी कार्रवाई', रिश्तों में बढ़ते तनाव के बीच नरम पड़े ट्रंप के तेवर



**नई दिल्ली।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि चीन के बाद भारत रूस का दूसरा सबसे बड़ा तेल खरीदार है इसलिए भारत पर लगाए गए 50% टैरिफ रूस के खिलाफ सीधी कार्रवाई हैं। ट्रंप ने चेतावनी दी कि अमेरिका ने रूस से जुड़े देशों पर फेज-2 और फेज-3 टैरिफ अभी लागू नहीं किए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर अपनी टैरिफ नीति को लेकर बड़ा बयान दिया। इस बार ट्रंप के बयान में भारत को लेकर तेवर थोड़े नरम नजर आए। इसी कारण उन्होंने भारत पर लगाए गए टैरिफ को रूस के खिलाफ कार्रवाई बताया। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने अभी रूस से व्यापार करने वाले देशों पर चरण-2 और चरण-3 टैरिफ नहीं लगाए हैं। बता दें कि इससे पहले ट्रंप ने टैरिफ को लेकर भारत को चेतावनी दी हो। इससे पहले उन्होंने दो हफ्ते पहले भी भारत को चेतावनी दी थी कि अगर भारत रूस से तेल खरीदता रहा तो उसे बड़े परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। इसके अलावा, एक रेडियो इंटरव्यू में ट्रंप ने ये भी कहा कि भारत ने उन्हें नो टैरिफ का ऑफर दिया है। उन्होंने बताया कि पहले भारत पर सबसे ज्यादा टैरिफ लगाए गए थे, लेकिन अब भारत ने कहा है कि वे टैरिफ हटाने को तैयार हैं।

### भारत को लेकर ट्रंप ने और क्या-क्या कहा?

बुधवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान ट्रंप ने कहा कि चीन के बाद भारत रूस का दूसरा सबसे बड़ा तेल खरीदार है। इसलिए भारत पर लगाए गए टैरिफ रूस के खिलाफ सीधी कार्रवाई हैं। उन्होंने बताया कि अमेरिका ने भारत पर कुल 50 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया है, जिसमें 25 प्रतिशत सेकंडरी सैंक्शन 27 अगस्त से लागू हो चुका है। ट्रंप ने आगे कहा कि क्या आप कहेंगे कि भारत पर सेकंडरी सैंक्शन लगाने से कोई कार्रवाई नहीं हुई? ये रूस को सैंकड़ों अरब डॉलर का नुकसान पहुंचा रहा है। मैंने तो अभी फेज–2 और फेज–3 शुरू नहीं किया है।

### जीएसटी पर केंद्र सरकार के फैसले

# सिगरेट-तंबाकू और कार खरीदना होगा महंगा, डेरी उत्पाद होंगे सस्ते

**नई दिल्ली।**



जीएसटी परिषद ने कई डेरी उत्पादों, उर्वरकों, जैव कीटनाशकों और कृषि उपकरणों पर कर की दरें कम करने का फैसला किया। इससे त्योहारों से पहले किसानों और उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। सल्फ्यूरिक एसिड, नाइट्रिक एसिड और अमोनिया सहित प्रमुख उर्वरक कच्चे माल पर जीएसटी 18 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया गया है। परिषद ने नीम-आधारित कीटनाशक सहित विभिन्न जैव कीटनाशकों पर जीएसटी 12 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया है। आधिकारिक बयान के अनुसार, परिषद ने 'अल्ट्रा हाई टेंपरेचर' (यूएचटी) दूध और पनीर पर जीएसटी को पांच प्रतिशत से घटाकर शून्य कर दिया। लग्जरी कार खरीदना महंगा हो जाएगा। इनमें 15 हार्स पावर तक की क्षमता वाले डीजल इंजन, हैंड पंप, ड्रिप सिंचाई उपकरण और स्प्रिंकलर के लिए नोजल, मिट्टी तैयार करने के लिए कृषि और बागवानी मशीनरी, कटाई और थ्रेसिंग मशीनरी, कंपोसिंटग मशीन और ट्रैक्टर (1800 सीसी से अधिक इंजन क्षमता वाले सेमी-ट्रेलर के लिए ट्रैक्टर को छोड़कर) शामिल हैं। घटी हुई दरें सेल्फ-लोडिंग कृषि ट्रेलरों और ठेलागाड़ियों सहित हाथ से चलने वाले वाहनों पर भी लागू होंगी। परिषद ने ट्रैक्टर के पिछले टायर और ट्यूब, ट्रैक्टरों के लिए 250 सीसी से अधिक क्षमता वाले कृषि डीजल इंजन, ट्रैक्टर के लिए हाइड्रोलिक पंप और विभिन्न ट्रैक्टर कलपुर्जों पर जीएसटी को 18 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया है। इन फैसलों से किसानों की लागत कम होने और आवश्यक डेयरी उत्पाद उपभोक्ताओं के लिए किफायती होने की उम्मीद है। कोका-कोला एवं पेप्सी जैसे शीतल पेय और अन्य गैर-अल्कोहल पेय पदार्थ भी अब महंगे हो जाएंगे। जीएसटी परिषद ने काबोर्नेटेड पेय पदार्थों पर कर की दर को वर्तमान 28 प्रतिशत से बढ़ाकर 40 प्रतिशत करने को मंजूरी दे दी। परिषद ने फलों से बने पेय या फलों के रस वाले काबोर्नेटेड पेय पदार्थों पर भी कर की दर 28 प्रतिशत से बढ़ाकर 40 प्रतिशत कर दी।

### दूध, मक्खन, और पनीर पर जीएसटी पांच प्रतिशत

कंडेंस्ड दूध, मक्खन, और पनीर पर जीएसटी 12 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया गया है। विभिन्न कृषि उपकरणों पर जीएसटी 12 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया गया है। अति उच्च तापमान वाले दूध, छेना या पनीर, पिज्जा ब्रेड, सादी चपाती या रोटी पर कर की दर 5 प्रतिशत से घटाकर शून्य कर दी गई है।

## जीएसटी में हुए बदलाव से किसानों, आम आदमी और मिडिल क्लास को मिलेगा सीधा लाभ: पीएम मोदी

**नई दिल्ली।**



केंद्र सरकार ने आर्थिक सुधारों को आगे बढ़ाते हुए जीएसटी दरों पर बड़ा फैसला लिया है। इसके तहत अब जीएसटी की सिर्फ दो दरें पांच और 12 प्रतिशत होंगी। 12 और 28 प्रतिशत के स्लैब को खत्म करने के फैसले पर जीएसटी काउंसिल ने सर्वसम्मति से मुहर लगा दी है। वहीं, जीएसटी काउंसिल के द्वारा लिए फैसलों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुशी जाहिर की। पीएम मोदी ने कहा कि जीएसटी की दरों में बदलाव से आम आदमी, किसानों और मिडिल क्लास को मिलेगा सीधा फायदा होगा। पीएम मोदी एक्स पर पोस्ट किया कि अपने स्वतंत्रता दिवस भाषण के दौरान, मैंने जीएसटी में अगली पीढ़ी के सुधार लाने के हमारे इरादे के बारे में बात की थी। आगे पीएम मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार ने व्यापक जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने और प्रक्रियागत सुधारों के लिए एक विस्तृत प्रस्ताव तैयार किया था, जिसका उद्देश्य आम आदमी के जीवन को आसान बनाना और अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है। साथ ही बोले यह बताते हुए खुशी हो रही है कि केंद्र और राज्यों की जीएसटी परिषद ने जीएसटी दरों में कटौती और सुधारों पर केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों पर सामूहिक रूप से सहमति व्यक्त की है, जिससे आम आदमी, किसानों, एमएसएमई, मध्यम वर्ग, महिलाओं और युवाओं को लाभ होगा। पीएम ने कहा कि व्यापक सुधार हमारे नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाएंगे और सभी के लिए, विशेष रूप से छोटे व्यापारियों और व्यवसायों के लिए व्यापार करने में आसानी सुनिश्चित करेंगे। यह फैसला महंगाई से जूझ रही आम जनता के लिए बड़ा राहत देने वाला और अर्थव्यवस्था को बूस्टर डोज देने वाला साबित हो सकता है।

## ट्रंप के टैरिफ को बेअसर कर देगी जीएसटी दरों में कमी

**नई दिल्ली।**



दिवाली, दशहरा और नवरात्र जैसे त्योहारी सीजन के पहले जीएसटी दरों में कमी से बाजार में मांग बढ़ने और व्यापारियों को बड़ा लाभ होने का अनुमान है। देश की आर्थिक वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत के लगभग दर के साथ आगे बढ़ रही है। जीएसटी दरों में कमी आर्थिक तरक्की की इस रफ्तार को और तेज करने का काम करेगी। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जीएसटी काउंसिल की बैठक के बाद बताया कि महत्त्वपूर्ण वस्तुओं पर जीएसटी दरों को घटाने का निर्णय लिया गया है। स्वास्थ्य क्षेत्र में काम आने वाली अनेक वस्तुओं, कृषि क्षेत्र में खाद बनाने वाले प्रमुख रसायनों, हाथ से बनाए जाने वाली वस्तुओं, निजी इंश्योरेंस, आंखों के लिए नंबर वाले चश्मे सहित रोजमर्रा के उपभोग की अनेक वस्तुओं पर जीएसटी दरों में कमी की गई है। आर्थिक मामलों के जानकारों का मानना है कि जीएसटी दरों में कमी से पूरे देश में मांग को बढ़ाने में मदद मिलेगी।

## राजस्थान में कोचिंग संस्थान अब नहीं कर सकेंगे मनमानी, छात्रों पर नहीं डाल पाएंगे दबाव

**जयपुर।**



राजस्थान में अब एक सौ से अधिक छात्रों को पढ़ाने वाले कोचिग संस्थानों को पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। इसके लिए कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तर पर कमेटी गठित की जाएगी, जिसमें पुलिस अधीक्षक, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला स्वास्थ्य अधिकारी और शहरी निकाय के आयुक्त शामिल होंगे। कोचिंग संस्थानों की निगरानी के लिए राजस्थान कोचिंग प्राधिकरण का गठन किया जाएगा, जिसके अध्यक्ष उच्च शिक्षा विभाग के सचिव होंगे। बुधवार को विधानसभा में बहस और हंगामे के बीच राजस्थान कोचिंग संस्थान नियंत्रण व विनियमन विधेयक, 2025 पारित कर दिया गया। इसके तहत अब कोचिंग संस्थान पूरे साल की फीस एक साथ नहीं ले सकेंगे, बल्कि उन्हें चार किस्तों में फीस वसूल करनी होगी।

### प्रशासन को करोड़ों का नुकसान

## चंबा में बाढ़ और भूस्खलन से अब तक 42 लोगों की मौत



**चंबा।**

बरसात ने इस बार चंबा जिला को जख्मों से भर दिया है। महज 10 दिनों में 42 लोगों की मौत, 236 पशुओं की जान और 274 घरों का ढहना इस त्रासदी की गवाही दे रहा है। मणिमहेश यात्रा के दौरान जहां 16 श्रद्धालु काल के गाल में समा गए। वहीं, करोड़ों रुपये के नुकसान ने सरकारी तंत्र को हिला दिया और सड़कें बंद होने से राहत कार्य ठप पड़ गए। सेना, एनडीआरएफ और प्रशासन ने हर संभव प्रयास कर हालात काबू में किए, लेकिन नुकसान की भरपाई में वर्षों लगेंगे। गत 24 अगस्त से लेकर तीन सितंबर तक की आधिकारिक रिपोर्टों के अनुसार आपदा ने जिला में इंसानी जिंदगियों से लेकर सरकारी व निजी संपत्तियों तक को गहरी चोट पहुंचाई है। भारी वर्षा, भूस्खलन और बादल फटने जैसी घटनाओं ने जहां सैकड़ों परिवारों को बेघर कर दिया है, वहीं अब तक 42 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें से 16 श्रद्धालु मणिमहेश यात्रा के दौरान काल का ग्रास बने। इनमें पंजाब, हरियाणा और हिमाचल के लोग शामिल हैं। श्रद्धालुओं की मौत अधिकतर कुगती ट्रैक और डल झील मार्ग पर ऑक्सीजन की कमी और पत्थर गिरने जैसी घटनाओं से हुई है।

### सम विभाग ने जम्मू-कश्मीर और हिमाचल समेत आठ राज्यों में अगले दो-तीन दिन बारिश का अलर्ट जारी किया है

## भारी बारिश से नदियां उफान पर, कई राज्यों में स्कूल बंद



**नई दिल्ली।** देशभर में खराब मौसम के कारण जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। 400 से अधिक विमानों को रद्द किए जाने की खबर है। दिल्ली-एनसीआर में यमुना उफान पर है। यूपी, पंजाब समेत कई राज्यों में स्कूलों को बंद करना पड़ा है। पहाड़ी राज्यों में भी मूसलाधार बारिश के बाद बाढ़ के कारण आम जनजीवन पर मार पड़ी है। किस राज्य में कैसा है मौसम? मौसम विभाग ने क्या पूर्वानुमान जारी किया है? किन राज्यों में अलर्ट रहने को कहा गया है? यहां जानिए इन तमाम सवालों के जवाब देश के अधिकांश हिस्से इस समय मूसलाधार बारिश की मार झेल रहे हैं। हिमाचल, उत्तराखंड में भूस्खलन से सड़कें बंद और कई मौतें हुई हैं। दिल्ली-ठउफ, यूपी, पंजाब, हरियाणा में भी जलभराव से हालात बिगड़े हैं। सेना और एनडीआरएफ राहत में जुटे हैं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में एयरपोर्ट से रवाना होने वाली 400 से अधिक उड़ानों को रद्द करना पड़ा है। कई राज्यों में स्कूलों को बंद करना पड़ा है। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड जैसे राज्यों में बारिश, बाढ़ और भूस्खलन के तांडव ने कई जिंदगियां छीन ली है। घर-मकान और दुकानें डूब गई हैं, सड़कें दरियां बन गई हैं और कई राज्यों में स्कूलों में छुट्टियां घोषित कर दी गई हैं। हजारों लोगों को बाढ़ग्रस्त इलाकों से निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है।

## संपादक की कलम से

# मां बनेगा चुनावी मुद्दा ?

2007 में गुजरात विधानसभा चुनाव होने थे। 2002 के गोधरा कांड और सांप्रदायिक दंगों के लहूलुहान वाला दौर सतही तौर पर शांत हो चुका था। नरेंद्र मोदी राज्य के मुख्यमंत्री थे। उन पर दंगों और हत्याकांड के परोक्ष आरोप थे और विभिन्न आयोग जांच कर रहे थे। योगेंद्र यादव सरीखे प्रख्यात चुनाव पंडित ने भाजपा की पराजय के विश्लेषण किए थे। उस दौर में मोदी को मौत का सौदागर बोल दिया गया। उनके लिए जहर की खेती सरीखे शब्द भी कहे गए। उन पर खून की दलाली जैसे शब्द भी चस्पां किए गए। मुख्यमंत्री मोदी ने उन अपशब्दों को 5–6 करोड़ गुजरातियों के अपमान से जोड़ दिया। शेष मुद्दे नेपथ्य में चले गए। गुजरातियों का मान–सम्मान चुनावी मुद्दा बन गया। भाजपा को शानदार जनादेश हासिल हुआ। उसी तरह बिहार में भी चुनावी हवा बदल न जाए, हमें आशंका होती है। बिहार में राजद–कांग्रेस–वामदल की वोटर अधिकार यात्रा समाप्त हुई और प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अपनी दिवंगत मां को दी गई गाली का मुद्दा उठा दिया। बेशक विपक्ष के मंच से प्रधानमंत्री की मां को गाली दी गई थी। वाकई गाली, अपशब्द नहीं, भद्दी गाली दी गई थी, जिसे नैतिकता और मयार्दा के मद्देनजर हम लिख भी नहीं सकते।



ललित शर्मा
संपादक

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा–मेरी 100 वर्षीय मां अब इस दुनिया में नहीं है। वह मुझे छोड़ कर जा चुकी है। मां का राजनीति से कोई लेना–देना नहीं था। मां ने गरीबी के बीच ही हमें पाला–पोसा और मां भारती की सेवा के संस्कार दिए। उस मां को भद्दी–भद्दी गालियां दी गईं। यह बिहार ही नहीं, देश की करोड़ों माताओं, बहनों, बेटियों का अपमान है। भले ही मैं व्यक्तिगत रूप से गाली देने वालों को माफ कर दूं, लेकिन छठ मैया को पूजने वाले बिहार के लोग उन्हें क्षमा नहीं करेंगे। यकीनन प्रधानमंत्री के कथन के भाव यही थे, कुछ शब्दों का अंतर हो सकता है। किसी की भी मां को गाली देना पाप है, अक्षम्य अपराध है और उसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। प्रधानमंत्री का मानना सही है कि मां का स्थान देवी–देवताओं से भी ऊपर है। वह जननी है। हमने ईश्वर को तो नहीं देखा, लेकिन ईश्वर के प्राणियों की जननी को देखा है, लिहाजा मां में ईश्वर का प्रतिरूप अनुभव किया जा सकता है। विडंबना यह है कि विपक्ष के प्रवक्ता और कुछ छुटभैया नेता गाली को भी न्यायोचित करार देने में जुटे हैं। यह राजनीतिक कुंठा और हताशा है। कुछ हद तक नफरत भी है। हालांकि लोकतंत्र में ऐसे भाव की राजनीति की कोई गुंजाइश नहीं है। कमोबेश ऐसी सोच पर निर्णायक जनादेश नहीं मिला करते। हम स्वीकार करते हैं कि प्रधानमंत्री बनने से पहले मोदी ने भी 2014 के चुनाव में जर्सी गाय, 50 करोड़ की गर्लफ्रेंड, कांग्रेस की विधवा आदि अपशब्दों का प्रयोग किया था। हालांकि ये प्रतीकात्मक शब्द थे। प्रत्यक्ष रूप से गलीनुमा गाली नहीं दी गई थी। मोदी इन अपशब्दों से भी बचे और बाद के चुनावों में इन्हें नहीं दोहराया। विशेषण, रूपक और भद्दी गाली में आकाश–पाताल का अंतर होता है। अब प्रधानमंत्री की मां को गाली देने की, मयार्दा के पतन की पराकाष्ठा छू लेने की भद्दी कोशिश की गई है। यही नहीं, देश के निर्वाचित प्रधानमंत्री को भी 100 से अधिक गालियां दी जा चुकी हैं। हम कई बार वे विश्लेषण कर चुके हैं। सवाल है कि क्या इसे भी लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की आजादी माना जाए? प्रधानमंत्री ने अपने चुनाव अभियानों में इन गालियों को भी मुद्दा बनाया और लोगों ने निर्णायक जनादेश दिए। बिहार में प्रधानमंत्री मोदी को वोट चोर करार देकर भी नारे लगवाए गए हैं। हम मतदाता सूचियों में विसंगतियों से इंकार नहीं कर रहे। शायद इसीलिए संविधान में अनुच्छेद 324 और 326 के तहत चुनाव आयोग को शक्तियां दी गई हैं कि वह सूचियों का पुनरीक्षण कर सके। यह मामला सर्वोच्च अदालत में भी सुना जा रहा है।

# उम्मीदों की चीप से हौसलों की उड़ान भरता भारत

भारत ने तकनीकी आत्मनिर्भरता की दिशा में एक नया इतिहास रचते हुए अपना पहला पूर्णतया स्वदेशी 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर तैयार कर एक तकनीकी क्रांति को आकार दिया है। यह उपलब्धि न केवल वैज्ञानिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है बल्कि राष्ट्रीय गौरव का भी प्रतीक है। भारत ने इस तकनीकी क्रांति की तरफ कदम बढ़ते हुए आत्मनिर्भर एवं स्वदेशी तकनीकी प्रगति को नये आयाम दिये हैं। पहला पूर्णतः स्वदेशी 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर विकसित करने की उल्लेखनीय उपलब्धि के लिये इसरो की सेमीकंडक्टर लैब साक्षी बनी है। पहली मेड इन इंडिया चिप का उत्पादन गुजरात के साणंद स्थित पायलट प्लांट से शुरू होगा। केंद्र की इस महत्वाकांक्षी परियोजना के अंतर्गत 18 अरब डॉलर से ज्यादा के कुल निवेश वाली दस सेमीकंडक्टर परियोजनाएं देश में चल रही हैं, अब भारत को इस तरह की तकनीक के लिये विदेशों के पराधीन नहीं होना होगा। इस कड़ी प्रतिस्पर्धा वाले चिप क्षेत्र में भारत की यह दस्तक उत्साह जगाने वाली है, निश्चित ही इससे भारत की ताकत बढेगी और तकनीक के साथ-साथ यह आर्थिक विकास को तीव्र गति देगा। फिलहाल आधुनिक समय की इस जादुई चिप के उत्पादन में ताइवान, दक्षिण कोरिया, जापान, चीन और अमेरिका जैसे देशों का वर्चस्व है। विशेषतः भारत की यह जादूई उपलब्धि अमेरिका को आइना दिखाने वाली है, ट्रंप को यह एक बड़ा झटका है।



भारत इस क्षेत्र में एक प्रमुख वैश्विक खिलाड़ी बनने के लिये उत्सुक है। तभी सेमीकॉन इंडिया-2025 के उद्घाटन अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि वह दिन दूर नहीं है जब भारत की सबसे छोटी चिप दुनिया में बड़े बदलाव की नींव रखेगी। हालांकि, इस राह में अभी कई चुनौतियां हैं, लेकिन उम्मीद है कि छह सौ अरब डॉलर वाले वैश्विक सेमीकंडक्टर उद्योग में भारत की हिस्सेदारी आने वाले वर्षों में 45 से 50 अरब डॉलर की हो सकती है, जिससे भारत अनेक मोर्चें पर सफलता के परचम फहरायेगा। इस स्वदेशी 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की अर्धचालक प्रयोगशाला ने अभिकल्पित किया है और इसे विक्रम नाम दिया गया है। यह अंतरिक्ष-मानक माइक्रोप्रोसेसर है, जो मुख्यतः अंतरिक्ष अभियानों और रॉकेट प्रणालियों में प्रयोग के लिए तैयार किया गया है। इसरो ने सेमीकंडक्टर प्रयोगशाला (एससीएल) चंडीगढ़ के साथ मिलकर दो स्वदेशी 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर विक्रम 3201 और कल्पना 3201 विकसित किए हैं। यह माइक्रोप्रोसेसर प्रक्षेपण यानों के नेविगेशन और नियंत्रण में मदद करेंगे। विक्रम 3201 पूरी तरह भारत में बना पहला 32-बिट प्रोसेसर है। इस कदम से इसरो को विदेशी प्रोसेसरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा जिससे अंतरिक्ष में देश की आत्मनिर्भरता बढ़ेगी। निश्चित ही इससे भारत ने महाशक्ति बनने की ओर अपनी गति को तीव्रता दी है, जिससे अमेरिका हिला और दुनिया भारत की ताकत से रू-ब-रू हो रही है।

अब तक भारत को अनेक जटिल अंतरिक्ष अभियानों के संचालन हेतु विदेशी सूक्ष्म-प्रक्रमकों और अर्धचालक पट्टिकाओं पर निर्भर रहना पड़ता था। यह विदेशी निर्भरता न केवल आर्थिक दृष्टि से बोझिल थी बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी चुनौतीपूर्ण थी। विक्रम माइक्रोप्रोसेसर के निर्माण से भारत ने इस निर्भरता की बेड़ियों को तोड़ा है और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में सशक्त कदम बढ़ाया है। निस्संदेह, भारत को चिप उत्पादन क्षेत्र में एक दिग्गज देश बनने के लिए निरंतर निवेश, अनुसंधान-विकास और विनिर्माण की आवश्यकता होगी। प्रधानमंत्री मोदी इसके लिये निरन्तर प्रयासरत है। हाल ही में प्रधानमंत्री की जापान यात्रा से उम्मीद जगी है कि वह वैश्विक सेमीकंडक्टर डिजाइन पारिस्थितिकीय तंत्र विकसित करने में भारत के लिये मददगार साबित हो सकता है। यह सुखद ही है कि भारत में चिप उत्पादन परियोजनाओं में जापानी निवेश बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री मोदी की विदेश यात्राएं भारत को ऐसे ही विकास के नये शिखरों पर आरोहण कराने का सशक्त माध्यम बन रही है। निश्चित रूप से मोदी सरकार के प्रयासों से भारत चिप उत्पादन के वैश्विक महत्वाकांक्षी अभियान की दौड़ में तेजी से आगे बढ़ सकता है। दरअसल, डिजिटल डिवाइसों का मस्तिष्क कहा जाने वाला सेमीकंडक्टर कंप्यूटर, मोबाइल, राउटर, कार, सैटलाइट जैसे उन्नत डिजिटल डिवाइस तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इन उपकरणों की कार्यकुशलता उन्नत चिप की ताकत पर निर्भर करती है। साधारण शब्दों में कहें चिप पतली सिलिकॉन वेफर पर बने लाखों-करोड़ों ट्रांजिस्टरों का संजाल है। जो कंप्यूट करने, मेमोरी प्रबंधन व सिग्नल प्रोसेस करके डिवाइस को उन्नत बनाती है। उम्मीद है कि भारत का स्वदेशी चिप इस साल के आखिर तक बाजार में आ सकेगी। जिसका असर जियोपॉलिटिक्स पर तो होगा ही, नये रोजगार सृजन का वातावरण भी बनेगा, भारत तकनीकी विकास के नये आयाम उद्घाटित करते हुए विश्व को अचंभित भी करेगा। निश्चय ही भारत यदि अनुसंधान-विकास व व्यापार सुगमता की स्थितियां निर्मित कर लेता है तो हमारी सेमीकंडक्टर आयात के लिये दूसरे देशों पर निर्भरता कम हो सकती है। इससे हम वैश्विक दबाव से मुक्त होकर अपनी आपूर्ति शृंखला को मजबूत बना सकते हैं। 32-बिट क्षमता का अर्थ है कि यह माइक्रोप्रोसेसर अधिक व्यापक स्मृति का उपयोग कर सकता है और जटिल संगणकीय कार्यों को तीव्र गति से संपन्न कर सकता है। अंतरिक्ष अभियानों में जहाँ प्रत्येक क्षण और प्रत्येक संकेत का महत्व होता है, वहाँ इस प्रकार की क्षमता अत्यंत आवश्यक है। यह केवल गति और कार्यकुशलता नहीं देता बल्कि विकिरण-सहनशीलता और दीर्घकालीन स्थिरता जैसे गुण भी समाहित करता है। अंतरिक्ष में प्रबल विकिरण, तापमान का उतार-चढ़ाव और कठोर परिस्थितियाँ होती हैं, जिनका सामना सामान्य माइक्रोप्रोसेसर नहीं कर सकते। इसलिए इस प्रकार का अंतरिक्ष-योग्य माइक्रोप्रोसेसर ही मिशनों की सफलता का आधार बन सकता है। इस उपलब्धि का एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि इसके लिए आवश्यक रूपांकन, निर्माण और परीक्षण की सम्पूर्ण प्रक्रिया भारत में ही सम्पन्न की गई है। इसका अर्थ यह हुआ कि भारत अब केवल प्रौद्योगिकी का उपभोक्ता नहीं बल्कि उसका सर्जक भी है। सूक्ष्म-संगणक की यह अभिकल्पना केवल एक चिप का निर्माण नहीं है, यह भारत की वैज्ञानिक प्रतिभा, उसकी दूरदृष्टि और आत्मविश्वास का परिचायक है।



ललित गर्ग

सेमीकंडक्टर क्षेत्र में सफलता हासिल करने की दिशा में भारत का एक सशक्त पक्ष यह भी है कि दुनिया के लगभग बीस फीसदी चिप डिजाइन इंजीनियर भारत में हैं। दरअसल, इलेक्ट्रॉनिक्स व आईटी क्षेत्र में कामयाबी के लिये भारत सरकार ने सेमीकंडक्टर परियोजना के रूप में एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। सरकार बड़ी घरेलू कंपनियों को संबल देने के लिये डिजाइन लिंक्ड इंसेंटिव यानी डीएलआई के तहत दिए जा रहे लाभ के विस्तार के साथ ही, इसके तहत दिये जाने वाले अनुदान को बढ़ाने पर गंभीरता से विचार कर रही है। जिसके तहत महत्वपूर्ण सेमीकंडक्टर उत्पादन परियोजनाओं के लिये केंद्र व राज्यों से प्रोत्साहन के रूप में परियोजना की कुल लागत का सत्तर फीसदी मिलना जारी रह सकता है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना को भारत में गेम चेंजर टेक क्रांति माना जा रहा है। इस संदर्भ में यह भी उल्लेखनीय है कि भारत के विभिन्न प्रौद्योगिकी संस्थान पहले ही शक्ति और वेगा जैसे स्वदेशी माइक्रोप्रोसेसर पर काम कर चुके हैं। इन प्रयासों ने आधारभूमि तैयार की और आज विक्रम के रूप में वह प्रयास मूर्त रूप में सामने आया है। यह न केवल अंतरिक्ष क्षेत्र बल्कि रक्षा, चिकित्सा उपकरणों और संचार प्रणाली में भी क्रांतिकारी परिवर्तन ला सकता है। निश्चित ही चुनौतियाँ भी कम नहीं हैं। बड़े पैमाने पर उत्पादन, उपकरण-समूह की उपलब्धता, संगणक-कार्यक्रमों का विकास, अनुप्रयोग-तंत्र का विस्तार और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रमाणन जैसी प्रक्रियाएँ अभी पूरी करनी होंगी। किंतु भारत ने जिस आत्मविश्वास के साथ इस दिशा में पहला कदम रखा है, वह आश्वस्त करता है कि भविष्य में हम और भी उन्नत सूक्ष्म-प्रक्रमक तैयार करने में सक्षम होंगे। विक्रम केवल एक तकनीकी उपलब्धि नहीं है, यह भारत की स्वाभिमानी यात्रा का घोष है। यह घोषणा है कि अब भारत केवल विज्ञान का अनुयायी नहीं बल्कि विज्ञान का निमार्ता और मार्गदर्शक बनने की ओर अग्रसर है। आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना अब शब्दों में नहीं, ठोस उपलब्धियों में आकार ले रही है।

## राजेश कुमार शर्मा



### गीत

### कविता

हमारा विद्यालय, हमारा स्वाभिमान है

हमारा विद्यालय, हमारा स्वाभिमान है।
जहाँ पढ़ते बच्चे, यह विद्यालय हमारी पहचान है।।
एकता के मूल मंत्र का, जहाँ होता नित गान है।
प्रार्थनाओं के स्वर गूँजते, जहाँ मिलता ज्ञान है।।

गीता के कर्म पथ को, जहाँ बताया जाता है।
सूर कबीर तुलसी का, साहित्य पढ़ाया जाता है।
उस विद्या के मंदिर की, सबको रखना आन है।
हमारा विद्यालय ,हमारा स्वाभिमान है।।

उच्च कोटि के गुरुओं से, जहाँ मिलता ज्ञान है।
खेल खेल में पढ़ते बच्चे, सबका एक विधान है।।
शान बढ़े विद्यालय की, यह सबका सम्मान है।।
हमारा विद्यालय ,हमारा स्वाभिमान है।।

अनुशासन में रहने का, जहाँ पाठ पढ़ाया जाता है।
शिवाजी राणा प्रताप सा, जीवन भी बन जाता है।
बच्चे करते नवाचार नित, जहाँ पढ़ते विज्ञान है।
हमारा विद्यालय, हमारा स्वाभिमान है।।

राष्ट्रभक्ति की बातें, गीतों में गाई जाती है।
अमर शहीदों की गाथाएं, हमको याद दिलाती है।।
राष्ट्र प्रथम का भाव रखें, और करें जयगान है।
हमारा विद्यालय, हमारा स्वाभिमान है।।

# जीवन दर्शन-सत्य का विराट ,विहंगम स्वरूप



संजीव ठाकुर

सत्य की शक्ति मानव को असीमित शक्ति अतुल्य बल प्रदान करती है₹ यह बात स्वामी विवेकानंद जी ने कही है। यह सच बात है कि मानव सभ्यता का सतत विकास उसकी अदम्य जिज्ञासा, उत्कट उत्साह, जिजीविषा, निरंतर उन्नति की भूख और आशावादिता का प्रतिफल है। सभ्यता और संस्कृति की सुविधा के विभिन्न सोपानो में समय-समय पर मूल्यों का स्थापना और पुराने मूल्यों का विस्थापन एक सास्वत सत्य की तरह है। परिवर्तन प्रकृति का आधारभूत नियम है। विकास में धन की आवश्यकता अवश्य होती है पर और धन का अतिरेक विकास की दिशा को दिग्भ्रमित भी कर सकता है। इसके अलावा परिस्थितियों, आवश्यकताओं, दर्शन तथा अर्थ एवं धार्मिक स्थापनाओं के अनुरूप ही समकालीन समाज का दृष्टिकोण और जीवन दर्शन निरंतर विकासवान होता है। आदिकाल से विकास के क्रम में धन के प्रयोग को बड़ा प्रबल माना गया है। शाश्वत मूल्य की मीमांसा एवं उसकी निरंतरता मानवी जीवन से जुड़े अंतरंग पहलुओं को उजागर करती है। सत्य को सिद्धांत के रूप में भी देखा गया है। मानवी जीवन दर्शन में धन और सत्य दोनों कारकों का प्राचीन काल से ही पर्याप्त महत्व रहा है। धन का महत्व है पर धनबल सब कुछ नहीं है। सत्य एक सार्वभौमिक जीवन दर्शन है, इसे धन बल की मिथ्या कभी नष्ट अथवा विलोपित नहीं कर सकती है। धन बहुत कुछ है पर सब कुछ नहीं। सत्य सिद्धांत के बिना धन की विवेचना में मीमांसा अधूरी तथा महत्वहीन है। गलत तरीके से कमाया गया धन मनुष्य के चरित्र में उजियारे दिन के बाद घनघोर तमस की तरह है। सत्य जीवन का सार्वकालिक उजाला है। यह बात भी महसूस की गई है कि निवृत्ति, त्याग, संयम, सन्यास के स्थान पर भोग विलास को प्राथमिकता दिए जाने के कारण धन पर सत्य व नैतिक मूल्यों को बरीयता दी जाने की परंपरा रही है। वेद तथा पुराणों पर भी सत्य एवं नैतिकता के व्यवहारिक पक्ष को उजागर करते हुए लिखा गया है कि 'सत्य का सुख सोने के पात्र से ढका हुआ है, धन जब मुखर होता है तो सत्य नेपथ्य में होता है। सत्य तब मुखर होता है जब धनबल का अतिरेक होने लगता है। धनबल मिथ्या है, सत्य शाश्वत और परंपरागत अनुवांशिक शक्ति है। भारतीय संस्कृति एवं परंपरा सत्य के मूल्य को सर्वोत्कृष्ट है उस सर्वोच्च मानती है। इसे मन वचन और कर्म में अद्वैत के स्तर तक निश्चित अकाट्य और सदैव अपरिवर्तनीय ही माना गया है, लोक जीवन का 'सांच को आंच नहीं' जैसी कहावतें और मूल्य जनजीवन में अंतरतम तक समाए हुए है। मुंडक उपनिषद में उल्लेखित ₹सत्यमेव जयते₹ आज भारतीय गणतंत्र का आदर्श वाक्य है, जो भारतीय दर्शन और जीवन की अभिव्यक्ति भी है। यह उल्लेखनीय है कि वैदिक दर्शन से लेकर जैन व बौद्ध दर्शन तक इस्लाम ईसाई धर्मों से लेकर सिख गुरुओं तक सत्य का महत्व और निर्विवाद सर्वोच्च स्थान सर्वमान्य रूप से स्वीकार्य किया गया है। यूरोप में औद्योगिक क्रांति के बाद तो भोग दर्शन में क्रांतिकारी परिवर्तन हुए और आर्थिक तत्व का महत्व वैश्विक तथा आंतरिक जीवन का सबसे प्रमुख निर्धारक तथ्य बनने लगा। पश्चिमी देशों में पूंजीवादी, उदारवादी संस्कृति के विकास का प्रभाव पूरे विश्व पर पर्याप्त मात्रा में पड़ा और वैश्विक स्तर पर मूल्यों में नैतिक स्तर पर परिवर्तन आने लगे। आधुनिक युग वैश्वीकरण, उदारीकरण और आर्थिक विकास का युद्ध इस युग में अर्थ अथवा धनबल अपनी अकूत शक्ति के बल पर पूरी सभ्यता व व्यवस्था का केंद्रीय तत्व बनकर उभरा है। धन बल पर आधारित इस युग में स्थिति यह बन गई है कि राजनीति, समाज, धर्म ,अध्यात्म ,अंतरराष्ट्रीय संबंध, पर्यावरण ,ज्ञान विज्ञान ,जीवन दर्शन सभी अर्थ व धन के निदेर्शों के अनुरूप ही चलन में आ गए हैं। धन के बल पर आज पारिवारिक संबंधों सामाजिक क्षेत्र में प्रतिष्ठा राजनैतिक शक्ति, संतुलन, आध्यात्मिक स्तर पर प्रभाव नैतिक स्तर पर सहमति एवं अंतरराष्ट्रीय संबंधों को केवल प्रभावित ही नहीं कर रहे हैं अपितु उन्हें लगभग खरीदने की ताकत रखने जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है। इसके बावजूद सत्य के मूल्य को और उसकी सार्वभौमिकता को दबाना या शांत करना या उसके दमन के लिए उसे विवश करना लगभग असंभव है।

*राजनीतिक जीवन में धन के बल पर किए जाने वाले भ्रष्टाचार, चुनाव में धांधली, मतदाताओं की खरीद–फरोख्त, पार्टियों पर अनुचित प्रभाव मीडिया चैनल न्यूज प्रिंट मीडिया आदि की खरीदारी सत्य के मूल्यों पर प्रश्नचिन्ह लगा देते हैं। आज धन व सत्ता का अनुचित प्रयोग सत्य का दमन तथा उसे नकारने की शक्ति बन चुका है। कई राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के सर्वे के अनुसार उसके सूचकांक में भारत का निम्न स्थान धन के बल पर सत्ता प्रतिष्ठानों को प्रभावित करने बढ़ती घूसखोरी, सरकारी गैर सरकारी, कारपोरेट जगत के बढ़ते नैतिक पतन को उजागर करता है। विधायिका, न्यायपालिका तथा कार्यपालिका सभी स्तरों पर सत्य के मूल्य के दमन की घटनाओं से आज अखबार अटा पड़ा है। आज की स्थिति में निचले स्तर से उच्च स्तर की अदालतों तक न्याय पाने के लिए महंगे वकील करने के लिए धन की अत्यंत आवश्यकता होती है, न्याय भी अब धन पर आधारित हो गया है। न्याय पाना अब गरीबों का हक नहीं रह गया है, यह केवल अमीर लोगों की मुट्ठी में बंद होकर रह गया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पर्यावरण संरक्षण को लेकर दिखने वाली बराबरी अनेक बार सत्य को दबाकर दादागिरी के बल पर अमीर देशों की जिद की भेंट चढ़ जाती है। अमीर देशों की धन के दम पर दादागिरी कई अंतरराष्ट्रीय संगठनों में दिखाई देती है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जलवायु परिवर्तन पर होने वाले वैश्विक सम्मेलन इसीलिए भी असफल होते दिखाई दिए हैं। क्योंकि अमीर देश कार्बन उत्सर्जन की मात्रा की जिम्मेदारी ज्यादा जनसंख्या वाले विकासशील देशों के सिर पर डाल देते हैं। सत्य की मनमानी व्याख्या आधुनिक युग की सच्चाई है सत्य का दमन इस स्तर पर पहुंच चुका है कि व्यक्ति अपने व्यक्तिगत स्तर पर दिन में कितनी बार धनबल के दबाव में अपने अंत :करण से समझौता कर अपनी सहज प्रवृत्ति का दमन करने से नहीं चूकता है।*

# मार्गदर्शक प्रकाशः एक पाठ्यपुस्तक के पन्नों से परे एक शिक्षक की भूमिका

एक ऐसी दुनिया में जो लगातार बदल रही है और विकसित हो रही है, एक निरंतर, एक कालातीत पेशा बना हुआ है जो भविष्य को अटूट समर्पण और निस्वार्थता के साथ आकार देता हैः शिक्षण। शिक्षक समाज के वास्तुकार हैं, मूक नायक जो एक राष्ट्र की प्रगति की नींव रखते हैं। शिक्षक दिवस इन उल्लेखनीय व्यक्तियों का सम्मान करने और उन्हें मनाने का एक वैश्विक अवसर है जो शिक्षा के महान कारण के लिए अपना जीवन समर्पित करते हैं। भारत में, यह विशेष दिन 5 सितंबर को डॉ की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। सर्वपल्ली राधाकृष्णन, एक प्रतिष्ठित दार्शनिक, विद्वान और भारत के दूसरे राष्ट्रपति। डॉ. राधाकृष्णन दिल से शिक्षक थे, और जब उनके छात्रों ने उनका जन्मदिन मनाने के लिए उनसे संपर्क किया, तो उन्होंने विनम्रतापूर्वक अनुरोध किया कि समाज में उनके अमूल्य योगदान को पहचानते हुए, सभी शिक्षकों को सम्मानित करने के लिए दिन समर्पित हो। 1962 के बाद से, यह दिन एक राष्ट्रीय परंपरा बन गया है, छात्रों और समाज के लिए एक पल बड़े पैमाने पर आभार व्यक्त करने के लिए। एक शिक्षक की भूमिका एक कक्षा की चार दीवारों और एक पाठ्यपुस्तक के पन्नों से कहीं अधिक फैली हुई है। एक शिक्षक एक संरक्षक, एक मार्गदर्शक, एक विश्वासपात्र और प्रेरणा का स्रोत है। वे न केवल ज्ञान प्रदान करते हैं, बल्कि मूल्यों को बढ़ावा देते हैं, जिज्ञासा बढ़ाते हैं और चरित्र का निर्माण करते हैं। वे वही हैं जो हमें सपने देखना, सवाल करना और महानता के लिए प्रयास करना सिखाते हैं। वे धैर्यपूर्वक युवा दिमागों का पोषण करते हैं, उन्हें चुनौतियों को नेविगेट करने और उनकी वास्तविक क्षमता की खोज करने में मदद करते हैं। एक शिक्षक का प्रभाव वास्तव में अथाह है। जैसा कि अमेरिकी इतिहासकार हेनरी एडम्स ने एक बार कहा था, ₹एक शिक्षक अनंत काल को प्रभावित करता है; वह कभी नहीं बता सकता कि उसका प्रभाव कहां रुकता है।₹ हर डॉक्टर, इंजीनियर, कलाकार या नेता एक शिक्षक के कंधों पर खड़ा होता है जिसने ज्ञान की चिंगारी को प्रज्वलित किया और सफल होने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। एक शिक्षक का काम केवल एक काम नहीं है; यह एक गहन और स्थायी विरासत है। शिक्षक दिवस पर, देश भर के स्कूल और कॉलेज विशेष कार्यक्रमों और समारोहों के साथ जीवित रहते हैं। छात्र सांस्कृतिक प्रदर्शन आयोजित करते हैं, हार्दिक भाषण प्रस्तुत करते हैं, और उनकी प्रशंसा के टोकन के रूप में उपहार प्रदान करते हैं। ये इशारे, बड़े या छोटे, शिक्षकों के अथक प्रयासों और बलिदानों को स्वीकार करने का एक तरीका है जो अक्सर अपने छात्रों की सफलता सुनिश्चित करने के लिए अपने कर्तव्य से ऊपर और परे जाते हैं। डिजिटल लर्निंग और तकनीकी प्रगति के युग में, एक शिक्षक का मानव कनेक्शन अपूरणीय रहता है। जबकि प्रौद्योगिकी जानकारी प्रदान कर सकती है, यह एक शिक्षक द्वारा प्रदान की जाने वाली गर्मी, प्रोत्साहन और समझ प्रदान नहीं कर सकती है। यह उस जुनून को प्रतिस्थापित नहीं कर सकता है जिसके साथ एक शिक्षक सीखने के लिए एक प्यार या सहानुभूति को प्रेरित करता है जिसके साथ वे एक कठिन समय के माध्यम से एक छात्र का मार्गदर्शन करते हैं। जैसा कि हम शिक्षक दिवस मनाते हैं, आइए हम न केवल अपने शिक्षकों को धन्यवाद दें, बल्कि शिक्षा के गहन महत्व और शिक्षण के महान पेशे पर भी विचार करें। आइए हम डॉ। राधाकृष्णन का मानना है कि शिक्षकों को ₹देश में सबसे अच्छा दिमाग₹ होना चाहिए। अपने शिक्षकों का सम्मान करके, हम केवल एक परंपरा का पालन नहीं कर रहे हैं; हम एक साक्षर, कुशल और प्रबुद्ध समाज की नींव को स्वीकार कर रहे हैं।



विजय गर्ग

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया । संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# आगामी 19 सितंबर को मॉक ड्रिल कार्यक्रम को पूरी तैयारी के साथ कराया जाना सुनिश्चित करें : डीएम जसजीत कौर

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**बिजनौर :** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विद्युत सभागार में जिला संकट समूह की बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण विनय कुमार सिंह, सहायक निदेशक कारखाना सुरेंद्र बहादुर, भारत पैट्रोलियम प्रबंधक राकेश कुमार सहित संबंधित विभागीय अधिकारी एवं कारखानेदार आदि मौजूद रहे। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने सहायक निदेशक कारखाना को निर्देशित किया कि आगामी 19 सितंबर को प्रस्तावित मॉक ड्रिल कार्यक्रम को पूरी तैयारी के साथ विभागीय समन्वय स्थापित करते हुए आयोजन कराया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने फायर प्रोटेक्शन अधिकारी को निर्देशित किया कि जिले में अग्निशमन वाहनों की अपेक्षित उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए उनकी ओर से मुख्यालय को पत्र प्रेषित कराएं। उन्होंने दमकल विभाग द्वारा फायर स्टेशन दमकल वाहन एवं उपकरण की स्थिति चिकित्सा विभाग द्वारा अस्पताल, एंबुलेंस, एंटीडोट एवं दवाईयों की उपलब्धता, पुलिस विभाग द्वारा कानूनी व्यवस्था यातायात निरंतर प्रभावित क्षेत्रों से निकासी एवं सुरक्षा परिवहन विभाग द्वारा पथ कालीन वाहनों एवं वैकल्पिक मार्गों की उपलब्धता आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा राहत शिविर भजन पेयजल एवं पुनर्वास की व्यवस्था राजस्व विभाग द्वारा प्रभावित क्षेत्र का सर्वेक्षण राहत वितरण एवं क्षति आकलन तथा कृषि विभाग द्वारा रसायनों से प्रभावित कृषि भूमि एवं मृदा की गुणवत्ता का आकलन एवं सुधार आत्मक उपाय के संबंध में विभागीय अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की और आशा व्यक्त करते हुए कहा कि सभी अधिकारी आपातकालीन स्थिति में अपने विभागीय दायित्वों को पूर्ण मानक एवं गुणवत्ता के साथ निर्वहन करना सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर प्रबंधक भारत पैट्रोलियम द्वारा पीपीटी के माध्यम से केमिकल एक्सीडेंट के अंतर्गत इमरजेंसी प्लानिंग, क्रियान्वयन एवं अन्य आवश्यक बिंदुओं पर जानकारी उपलब्ध कराई गई तथा इसी वर्ष माह मई, 2025 में की गई वाली मॉक ड्रिल का प्रदर्शन पीपीटी के माध्यम से किया गया।

# गणपति चतुर्थी पर जुमेरात के बाजार में भंडारे का आयोजन किया गया



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**स्योहारा।** गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर जुमेरात के बाजार में स्थानीय समाजसेवियों द्वारा एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस भंडारे में शहर के सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ कमाया। भंडारे का आयोजन मुख्य रूप से पवन चंद्रा और दीपू चंद्रा, प्रीति चंद्रा, संजना चंद्रा, अक्षरा चंद्रा, तानिया चंद्रा और परी चंद्रा ने भी इसमें बढ़-चढ़कर सहयोग दिया। आयोजकों ने स्वयं लोगों को प्रसाद देकर सेवा और सामूहिक सद्भाव का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया। इस कार्य में उनके सहयोगी बानो पुष्पक और विजेंद्र चंद्रा ने भी प्रसाद वितरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि पूरे जुमेरात बाजार समुदाय ने स्वेच्छा से इसमें भाग लिया और सेवा कार्य किया। इस आयोजन ने न केवल त्योहार की खुशियाँ बांटीं बल्कि सामुदायिक एकता की मिसाल भी कायम की। उपस्थित लोगों ने इस सराहनीय पहल की प्रशंसा की।

# दुष्कर्म एवं पॉक्सो एक्ट के अभियोग में 02 अभियुक्त गिरफ्तार



वेलकम इंडिया

**रामपुर।** वादी द्वारा दी गयी लिखित तहरीर बाबत विकास दिवाकर पुत्र मोहर सिंह निवासी ग्राम रसूलपुर थाना शाहबाद रामपुर व उसके एक अज्ञात साथी द्वारा वादी की नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म करने तथा वादी के भाई को कानूनी कार्यवाही करने पर जान से मारने की धमकी देने के संबंध में थाना शाहबाद पर मु०अ०सं०- 257/2025 धारा-70(2)/123/115(2)/351 (3) बीएनएस व 5जी 6 पोक्सो एक्ट पंजीकृत किया गया ।

अभियोग उपरोक्त की विवेचना के क्रम में त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना शाहबाद, रामपुर पुलिस द्वारा अभियोग के वांछित अभियुक्तगण विकास दिवाकर पुत्र मोहर सिंह व रिंकू चौधरी निवासीगण ग्राम रसूलपुर थाना शाहबाद, रामपुर को ग्राम मंगोली मे बिलारी रोड से गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया ।

# सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जाएगा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन: हरीश

वेलकम इंडिया



**रामपुर।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन सेवा पखवाड़े के रूप में मनाया जाएगा। इसके लिए जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश कार्यशाला में मिले निदेशों के अनुरूप रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, स्वच्छता अभियान, नमो मैराथन आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

भारतीय जनता पार्टी की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया जाएगा। यहां तक कि पूरे पखवाड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने बताया कि 17 सितंबर को प्रधानमंत्री के जन्मदिन रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। साथ ही सार्वजनिक स्थान पर स्वच्छता अभियान भी चलाया जाएगा। इसके अतिरिक्त 17 से 24 सितंबर तक स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन होगा, जिसमें सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रधानमंत्री का लाइव संबोधन सुना जाएगा। 17 सितंबर से ही दो अक्टूबर तक प्रदर्शनी आयोजित होगी। 18 सितंबर से दो अक्टूबर को मंडल स्तर पर रक्तदान शिविर आयोजित होंगे। 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण के बाद एक पेड़ मां के नाम, बूथ कार्यकर्ता बैठक, कार्यकर्ता के घर भोजन जैसे कार्यक्रम होंगे। 27 से 28 सितंबर तक विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान व दिव्यांगों को उपकरण वितरण होंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश कार्यशाला में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, संगठन मंत्री धर्मपाल सिंह, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक ने भी विशेष निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि सभी कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया जाएगा। इसके लिए सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारी तैयार रहें। जिलाध्यक्ष ने बताया इस कार्यक्रम के लगे अशोक विश्नोई को संयोजक बनाया गया है।

# जिला चिकित्सालय में झगड़ों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है



वेलकम इंडिया

**रामपुर।** जिला चिकित्सालय में झगड़ों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है ।हर दिन झगड़ों, मारमीट ने अस्पताल कैंपस में खौफ पैदा कर दिया है। सीएमएस डॉ ब्रजेश चंद्रा ने बैठते ही नए कानून लागू कर दिये है जो डॉक्टर्स के साथ ही मरीजों के लिए भी नुकसान दायक है, सीएमएस ने सिटी स्केन और आल्ट्रासाऊंड में कोनटर साइन करने का फरमान जारी कर दिये जिस से मरीज तीमारदारों के साथ ही डॉक्टर्स को भी बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ा रहा है, सीएमएस डॉ ब्रजेश चंद्रा अस्पताल को समय नहीं दे पा रहे हैं और जल्दी चले जाते हैं जिसकी वजह से उनके आफिस के बाहर भीड़-भाड़ रहती है ।आज जब बड़ी संख्या में मरीज कोनटर साइन कराने पँहुचे तब अस्पताल के मनीजर अनुभव ने उनके साथ बदतमीजी की। सीएमएस ब्रजेश चंद्रा मरीजों को टाल मटोल करते हुए आगे बढ़ गये और उनकी परेशानी को दूर नहीं किया ।मरीजों में उनको लेकर उबाल है।

# गागलहेड़ी थाना प्रभारी प्रवेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में बदमाशों पर कहर बनकर टूट रही गागलहेड़ी पुलिस



वेलकम इंडिया,राजीव चौधरी

**गागलहेडी।** गागलहेड़ी पुलिस ने भैंस चोरी की घटनाओं का किया सफल अनावरण - चार शातिर चोरो को किया गिरफ्तार गागलहेड़ी पुलिस ने भैंस चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण करने में सफलता प्राप्त करते हुए चार शातिर चोरो को गिरफ्तार किया है - गागलहेडी थाना प्रभारी प्रवेश कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि चार शातिर चोर राजकुमार, फरदीन, जुनैद व जतिन को बलियाखेड़ी पुल के नीचे से गिरफ्तार किया है - और इनके पास से एक तमंचा, एक कारतूस, दो भैंस, एक पिकअप गाड़ी व 20 हजार रुपए नगद बरामद हुए है - गिरफ्तार किए गए चारो आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायलय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# बिजनौर में नायब तहसील ने पिस्टल से गोली मारकर की आत्महत्या


वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा





बिजनौर : बिजनौर जिले में एक बेहद चौंकाने वाली और दुखद घटना सामने आई है जहां सदर तहसील में तैनात नायब तहसीलदार राजकुमार ने अपने सरकारी आवास पर खुद को लाइसेंसी पिस्टल से गोली मार ली। उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया। लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इस घटना से उनके परिवार और प्रशासन में हड़कंप मच गया। तहसील सदर बिजनौर में नियुक्त नायक तहसीलदार राजकुमार ने अपने सरकारी आवास पर लाइसेंसी पिस्टल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना से जिला प्रशासन में हड़कंप मच गया गोली की आवाज सुनने के बाद नायब तहसीलदार को दरवाजा तोड़कर निकल गया। उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया जहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। दिवंगत नायब तहसीलदार राजकुमार जनपद बागपत के रहने वाले थे। वे यहां सरकारी आवास में परिवार सहित रहते थे। अधिकारियों के अनुसार नायब तहसीलदार राजकुमार सरकारी कार्य से इलाहाबाद हाईकोर्ट गए हुए थे। बुधवार की सुबह करीब 9 बजे इलाहाबाद से घर लौटे थे। उन्होंने परिवार से बातचीत की इसी दौरान वे कमरे में गये और अंदर से कुंडी लगाकर कनपटी से पिस्तौल सटाकर गोली मार ली गोली की आवाज सुनकर परिजनों में कोहराम मच गया सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। किसी तरह दरवाजा तोड़कर खून से लाशपत नायब तहसीलदार राजकुमार को बाहर निकल गया और उनको अस्पताल ले जाया गया जहां उन्हें बचाने की हर संभव कोशिश की गई। उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही डीएम जसजीत कौर व एसपी अभिषेक झा एसडीएम रितु रानी सहित अनेक अधिकारी अस्पताल पहुंचे।

# प्रणय मनु गुप्ता बने पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला उपाध्यक्ष



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**बिजनौर :** पश्चिम उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष रवि प्रकाश अग्रवाल के निर्देश और जिला अध्यक्ष विनीत राजपूत व जिला महामंत्री अंकुर जैन की प्रबल संस्तुति पर नूरपुर नगर निवासी समाज सेवी, आर आर पब्लिक स्कूल व दिपावली ज्वैलर्स के बड़े कारोबारी प्रणय मनु गुप्ता को पश्चिम उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया है।

नवीन दायित्व मिलने पर प्रणय मनु गुप्ता काफी उत्साहित हैं उन्होंने प्रदेश व जिला संगठन का आभार व्यक्त किया है। प्रणय मनु गुप्ता के जिला उपाध्यक्ष मनोनीत होते ही उनके समर्थकों व व्यापारियों में हर्ष की लहर दौड़ गई। नूरपुर पहुंचने पर समर्थकों व शुभचिंतकों ने उनके आवास पर पहुंचकर मिठाई खिलाकर गर्मजोशी के साथ माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रणय मनु गुप्ता ने कहा कि व्यापारियों के हितों के लिए संघर्ष करता रहा हूं और आगे भी करता रहूंगा। व्यापारी समाज की ताकत को संगठित और मजबूत करने के लिए जी जान से काम किया जाएगा ।योगी सरकार ने प्रदेश में व्यापारियों की सुरक्षा सम्मान और विकास के लिए जो उल्लेखनीय कार्य किए हैं वह व्यापारियों के अधिकार दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस मौके पर सरदार रविंद्र सिंह, मुकुल गुप्ता, धर्मेंद्र जोशी, संदीप जोशी, अंकित जोशी, अजय वीर सिंह एडवोकेट, टीकम सिंह, चंचल कटारिया, कपिल चौधरी, संजीव डबास, नीरज त्यागी, अनुराग शर्मा आदि ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया।

# बीआरसी नेकपुर में पांच दिवसीय एफएलएन प्रथम बेच का प्रशिक्षण सम्पन्न

वेलकम इंडिया



**टाण्डा।** ब्लॉक भगतपुर-टाण्डा की बीआरसी नेकपुर में खण्ड शिक्षा अधिकारी मोहित कुमार की देखरेख में शिक्षकों के लिए आयोजित पांच दिवसीय फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमरेसी (एफएलएन) प्रशिक्षण का प्रथम बैच बुधवार को सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में 50-50 शिक्षकों के दो बैचों ने हिस्सा लिया, जिन्हें निपुण भारत मिशन के तहत बच्चों की बुनियादी साक्षरता और गणितीय कौशल को मजबूत करने के लिए प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण में संदर्भदाता के रूप में एआरपी श्रवण कुमार, पूर्व एआरपी सुभाष चंद्र, मोहम्मद अनीस, वसीम राजा, नवनीत कुमार और पारुल जैन ने शिक्षकों को मार्गदर्शन प्रदान किया। एनसीईआरटी द्वारा विकसित तीसरी कक्षा की पाठ्यपुस्तकों 'वीणा', 'गणित मेला' और 'संतूर' पर विस्तृत चर्चा के साथ-साथ निपुण लक्ष्य, आधारशिला क्रियान्वयन संदर्शिका, ट्रैकर भरने की विधि, गणित की चारों मूलभूत क्रियाओं (जोड़, घटाव, गुणा, भाग) की अवधारणाएं, भाषा और गणित सीखने की स्किल, रेमेडियल शिक्षण, समावेशी शिक्षा और समावेशी वातावरण जैसे विषयों पर गहन प्रशिक्षण दिया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी मोहित कुमार ने समापन समारोह में शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा, यह प्रशिक्षण निपुण भारत मिशन की नींव को मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण कदम है। सभी शिक्षक इस प्रशिक्षण को अपने स्कूलों में लागू करें और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में योगदान दें।

# ब्रज तीर्थ विकास परिषद और धर्मार्थ विभाग की 220 करोड़ की कार्य योजना पर जन प्रतिनिधियों की मुहर

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद और धर्मार्थ विभाग के अंतर्गत 2025-26 की प्रस्तावित कार्य योजना को सहमति दे दी गई है। मंत्री गन्ना विकास और चीनी उद्योग श्री चौधरी लक्ष्मी नारायण जी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में 220 करोड़ के कार्यों पर विचार किया गया है। इसमें ब्रज तीर्थ विकास परिषद के 120 करोड़ के कार्य शामिल है।

=उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद सभागार में ब्रज क्षेत्र के समेकित विकास के अंतर्गत वर्तमान वित्तीय वर्ष की कार्ययोजना पर विचार-विमर्श के लिए जनप्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा जनपद मथुरा के अन्तर्गत ब्रज के धार्मिक एवं पौराणिक स्थलों के विकास से जुड़े 120 करोड़ रुपये के प्रस्ताव वर्ष 2025-26 की कार्य योजना के रूप में प्रस्तुत किए गए। माननीय कैबिनेट मंत्री जी की अध्यक्षता वाली इस बैठक में विधायक गोवर्धन श्री मेघश्याम सिंह जी, विधायक मांट श्री राजेश चौधरी जी, एमएलसी श्री ओम प्रकाश सिंह जी ने क्षेत्रीय आवश्यकता के अनुसार कुछ संशोधन का प्रस्ताव रखा।उक्त कार्य योजना के अंतर्गत जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह और उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सीईओ श्याम बहादुर सिंह ने जनप्रतिनिधियों के समक्ष ब्रज तीर्थ विकास परिषद और धर्मार्थ विभाग द्वारा प्रस्तावित कार्यों की उपयोगिता बताई। इस दौरान मंत्री गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग श्री लक्ष्मी नारायण चौधरी जी ने बताया कि बैठक में ब्रज विकास से जुड़े 220 करोड़ रुपये के कार्यों पर सहमति व्यक्त की गई है। इसमें 120 करोड़ के कार्य उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के अंतर्गत होंगे, जबकि 100 करोड़ रुपये के कार्य धर्मार्थ विभाग के तहत प्रस्तावित किए गए है। प्रस्तावित कार्य योजना को जल्द शासन की अनुमति के लिए भेजा जाएगा।

सीईओ श्याम बहादुर सिंह ने बताया कि कार्य योजना में गोवर्धन और कोकिलावन में 45 करोड़ से टीएफसी, मथुरा वृंदावन परिक्रमा में फसाड़ लाइट हेतु 24 करोड़, 36 प्राचीन वनों का इको रेस्टोरेशन हेतु 12 करोड़, अक्रूर घाट का निर्माण हेतु 8 करोड़, चीर घाट पड़ाव स्थल का विकास हेतु 7 करोड़, खेंचा दाऊजी मंदिर क्षेत्र का विकास आदि कार्य प्रस्तावित किए गए है। इसी तरह धर्मार्थ विभाग से नारायण सरोवर का विकास, नंदगाँव मंदिर परिक्रमा का विकास, वन खंडी महादेव मंदिर क्षेत्र का विकास, अश्वथामा वन की परिक्रमा, वंशी वट तरौली में स्वामी बाबा मंदिर का सौंदर्यीकरण व विकास, मधुरीकुंड का विकास, कोटवन में सीतल कुंड का विकास, नरी सेवरी मंदिर का विकास और एप्रोच रोड का विकास सहित अन्य कई कार्य प्रस्तावित है।

## स्यालीस्टेट गांव में जंगली सूअरों ने रौंदी धान की फसल

**गरुड़।** तहसील के स्यालीस्टेट गांव में जंगली सूअरों ने किसानों की खड़ी धान की फसल रौंद दी है। जिससे किसान मायूस हो गए हैं। क्षेपंस ने वन विभाग से प्रभावित किसानों को मुआवजा देने की मांग की है। स्यालीस्टेट गांव में जंगली सूअरों का आतंक हो गया है। जंगली सूअरों के झुंड ने खेतों में घुसकर धान की खड़ी फसल को नष्ट कर दिया है। जिससे किसान परेशान हैं। नाप कृषि भूमि में फसल नष्ट हो जाने से किसानों में वन विभाग के विरुद्ध तीव्र आक्रोश है। क्षेपंस प्रमोद जोशी राघवप्रेमी ने खेतों का मुआयना किया और मौके पर वन विभाग के अधिकारियों को बुलाया। गढ़खेत रेंज के वन क्षेत्राधिकारी प्रदीप कांडपाल ने खेतों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि किसानों की फसल को बचाने के लिए वन विभाग नियमित रूप से गश्त करेगा और किसानों की समस्या का समाधान किया जाएगा।

# मारपीट के बाद घायल की मौत:अस्पताल में इलाज के दौरान तोड़ा दम,एक नाबालिग सहित चार गिरफ्तार

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**



**गोल्हौरा/सिद्धार्थनगर।** जनपद के गोल्हौरा थाना क्षेत्र के अकोल्हिया गांव में 27 अगस्त को हुई मारपीट में घायल रामसेवक की लखनऊ के डॉ. राममनोहर लोहिया अस्पताल में मौत हो गई। गैर इरादतन हत्या के मामले में पुलिस ने बुधवार को 17 वर्षीय एक बाल अपचारी के साथ विदेशी (26), धर्मेंद्र (19) और बालकरण (40) साहनी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने के बाद न्यायालय रवाना कर दिया। यहां बच्चों के विवाद में दो पक्षों में हुई मारपीट में एक व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई थी।

गोल्हौरा थाने की पुलिस ने क्षेत्र के अकोल्हिया में हुई मारपीट के मामले में रामसेवक की मौत के बाद मंगलवार को कार्रवाई की मांग को लेकर शव को घर पर रखकर प्रदर्शन करने लगे। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया। बुधवार को मामले के तीन आरोपियों को गांव के पास से दबोच लिया।और एक नाबालिग को तेलियाडीह-भीटिया मार्ग से पकड़ा गया।

अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद,ने प्रेसवार्ता कर घटना की पूरी जानकारी दी।उन्होंने बताया की यह बच्चों बच्चों का झगड़ा था।जिसमें गैर इरादतन हत्या हो गयीं थी।जिसमें एक नाबालिग सहित चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

क्षेत्राधिकारी इटवा शुभेंदु सिंह और गोल्हौरा थाना प्रभारी कुमार गुप्ता की टीम ने सभी आरोपियों को कानूनी कार्रवाई के बाद अदालत में पेश किया।

# ग्रामीणों ने संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा, मोटरसाइकिल मे मिले चोरी में इस्तेमाल होने वाले औजार





**गोल्हौरा/सिद्धार्थनगर५**जिले के गोल्हौरा थाना क्षेत्र में ग्रामीणों ने मंगलवार देर रात एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा। तिघरा घाट के पास पकड़े गए व्यक्ति के पास से मोटरसाइकिल के साथ सब्बल, छिनी और हथौड़ा जैसे औजार बरामद हुए।ग्रामीणों ने तुरंत गोल्हौरा पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने संदिग्ध को हिरासत में ले लिया। क्षेत्राधिकारी इटवा सुभेंदु सिंह के अनुसार पूछताछ के दौरान संदिग्ध ने अपने बयान कई बार बदले। उसने बताया कि वह संतकबीरनगर से आ रहा है।सीओ इटवा ने कहा कि संदिग्ध के पास से मिले औजार आमतौर पर चोरी और नकबजनी में इस्तेमाल किए जाते हैं। पुलिस गहन पूछताछ कर रही है। यदि व्यक्ति का चोरी की घटनाओं से संबंध साबित होता है तो प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मामले का खुलासा किया जाएगा। स्थानीय लोगों के अनुसार जिले में पिछले कुछ महीनों से चोरी की घटनाएं बढ़ी हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में ताले टूटने और घरों से सामान चोरी होने की शिकायतें लगातार मिल रही हैं। इसी कारण ग्रामीण रात में चौकसी कर रहे हैं। ग्रामीणों की सतर्कता से एक संभावित वारदात टल गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## मुंबई में ब्राह्मणों को लेकर मोहन भागवत का बयान बेहद निंदा योग्य:पं०गोपाल शर्मा

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**



**हापुड़।** विश्व ब्राह्मण संघ यूपी के प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा ने जारी बयान में कहा कि मुगल - ब्रिटिश शासन और भारत की स्वतंत्रता तक ब्राह्मणों के वीर सपूतों ने निर्णायक अग्रणी भूमिका निभाने आगे खड़े रहे। अब आर एस प्रमुख मोहन भागवत सहित अन्य लोग उच नीच और जाति वाद का जिम्मेवार ब्राह्मणों को बता रहे हैं जो कि बेहद निंदनीय है आपको बता दें कि विश्व ब्राह्मण संघ (भारत) के संस्थापक ब्राह्मण शिरोमणि स्व पं० मांगे राम शर्मा ने अपने कार्यकाल के दौरान केंद्र सरकार को भारत में आर्थिक आधार पर आरक्षण लागू करने के लिए कहा जबकि सरकारें जातिगत आधार पर आरक्षण बांटकर भेदभाव की भावना से प्रभावित होकर कार्य करने में जुटी हुई है जो कि दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है !पं० गोपाल शर्मा ने कहा कि जो लोग मंचों पर खड़े होकर ब्राह्मणों को कोस रहे हैं उन्हें ब्राह्मणों का भारत वर्ष के प्रति इतिहास जरूर पढ़ना चाहिए ! विश्व ब्राह्मण संघ (भारत) ने हमेशा भारत की एकता अखंडता और धर्म को स्थापित करने में अहम भूमिका निभाई हैं।

## इंसान की कामयाबी का रास्ता कुरआन एवं सुन्नत है: आफताब शमीम नदवी

**शुजागंज अयोध्या।** नोबल एजुकेशनल वेल्फेयर फाउंडेशन के तत्वाधान में भेलसर स्थित जामा मस्जिद में महफिल दरस कुरआन में मौलाना आफताब शमीम नदवी ने संबोधित करते हुए कहा कि हदीस की मजबूती से पकड़ लोगे तो भविष्य में कभी रास्ता नहीं भटकोगे यही वह नुस्खा है जो संसार से लेकर ईश्वर के यहां तक कामयाब बनाता है। श्री नदवी ने नौजवान की ओर इशारा करते हुए कहा कि आज के दौर में सबसे अधिक आवश्यकता पापों से बचने की है यदि जिसने भी पाप किया है और उसने सच्चे मन से तौबा कर ले तो ईश्वर उसको माफ कर देता है। उन्हों ने कहा कि शिक्षा सिर्फ किताब ही नहीं बल्कि जीवन में सुधार करने के लिए है, इस अवसर पर हाफिज दस्तगीर, हाफिज हसन, मो शाद, मो अशफाक, तय्यब मौजूद रहे।

# नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** स्व श्रीमती कर्मो देवी एवं स्व श्री छबीलदास अदलक्खा जी की स्मृति में रोटरी क्लब मथुरा वेस्ट एवं इनरव्हील क्लब मथुरा के सौजन्य से श्रीजी बाबा चिकित्सा संस्थान, गोवर्धन रोड, मथुरा द्वारा निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन मियावाली धर्मशाला बारात घर, कृष्णा नगर, मथुरा में किया गया।

महासचिव सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि कल्याणं करोति नेत्र संस्थान समाज के गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद रोगियों को निःशुल्क नेत्र चिकित्सा सेवाएँ प्रदान कर रहा है। संस्थान में आधुनिक एवं उन्नत उपकरणों के माध्यम से नेत्र परीक्षण, मोतियाबिन्द ऑपरेशन तथा चश्मों का निःशुल्क वितरण किया जाता है। प्रतिवर्ष हजारों रोगियों को दृष्टि का लाभ प्रदान करते हुए संस्थान समाजसेवा की दिशा में निरंतर अग्रसर है। कौशल किशोर अदलक्खा का व्याख्यान (रोटरी एवं इनरव्हील क्लब) रोटरी क्लब मथुरा वेस्ट एवं इनरव्हील क्लब मथुरा समाजसेवा की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए निरन्तर स्वास्थ्य शिविर आयोजित करते हैं।

शिविर में कुल 194 नेत्र रोगियों की जाँच एवं परीक्षण किया गया, जिनमें से 31 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु भर्ती किया गया। इनका निःशुल्क ऑपरेशन श्रीजी बाबा चिकित्सा संस्थान, गोवर्धन रोड, मथुरा में सम्पन्न किया जाएगा। साथ ही 78 चश्मों का निःशुल्क वितरण भी किया गया। इस शिविर में जगदीश चावला, प्रदीप अरोड़ा, देवेंद्र चुंग, भूपेंद्र अग्रवाल, लोकेष मदान, मदन बेग, राजीव राठी, बोबी लाम्बा, सुनीला अदलक्खा, समता भल्ला, राजरानी भाटिया, विनीता द्विवेदी, गरिमा शाहू, अलका चुंग सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

# वृंदावन चंद्रोदय मंदिर में ब्रज हेरिटेज फेस्ट 2025 का भव्य आयोजन हुआ

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा/वृंदावन।** वृंदावन चंद्रोदय मंदिर की सांस्कृतिक शाखा वी.सी.एम. संस्कृति द्वारा अगस्त 2025 में आयोजित ह्लब्रज हेरिटेज फेस्टह्व ब्रज क्षेत्र का सबसे भव्य सांस्कृतिक उत्सव सिद्ध हुआ। भगवान श्रीकृष्ण की पावन भूमि ब्रज में आयोजित इस अंतर-विद्यालयी उत्सव में प्री-नर्सरी से लेकर कक्षा बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

यह उत्सव भारत की जीवंत संस्कृति और परंपराओं का उत्सव था, जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इनमें श्रीकृष्ण लीलाओं पर आधारित प्रश्नोत्तरी, शास्त्रीय नृत्य, वैदिक मंत्रोच्चारण, मिट्टी की कलाकृतियाँ, पौराणिक वेशभूषा, वैदिक कथावाचन, रंग भरना, चित्रकला प्रमुख रहे। इस वर्ष ट्रेजर हंट प्रतियोगिता को भी सम्मिलित किया गया, जो विद्यार्थियों के बीच अत्यधिक लोकप्रिय रही।


ब्रज हेरिटेज फेस्ट 2025 में कुल 43 विद्यालयों ने भाग लिया और विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों की संख्या 8,162 तक पहुँची।

2 सितंबर 2025 को उत्कृष्ट पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्री गोपाल अग्रवाल, श्रीमती गीतांजलि तथा मंदिर के अध्यक्ष श्री चंचलापति दास सहित कई गणमान्य अतिथियों ने विजेताओं को पुरस्कृत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार स्वरूप साइकिल, लैपटॉप, टैबलेट, स्मार्ट वॉच, स्टडी टेबल और बैकपैक प्रदान किए गए। वहीं नन्हे-मुन्ने प्रतिभागी स्लाइडिंग स्कूटर, टिफिन बॉक्स, पेंसिल बॉक्स और कलरिंग बैग पाकर प्रसन्न हो उठे। इस वर्ष की रोलिंग ट्रॉफी राजीव इंटरनेशनल स्कूल ने जीती। प्रथम रनर-अप का खिताब भक्तिवेदांत गुरुकुल एंड इंटरनेशनल स्कूल को मिला। द्वितीय रनर-अप का पुरस्कार द हेरिटेज पब्लिक स्कूल ने प्राप्त किया। गोकुल माधव पब्लिक स्कूल को विशेष प्रोत्साहन ट्रॉफी से सम्मानित किया गया।

ब्रज हेरिटेज फेस्ट 2025 ने न केवल छात्रों की प्रतिभा को मंच प्रदान किया, बल्कि ब्रज की सांस्कृतिक धरोहर और भारतीय परंपराओं के संरक्षण का भी संदेश दिया।

## 20 लाख रुपए के माल की लूट निकली फर्जी,साज़िश रचने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**हापुड़।** जनपद के थाना सिम्भावली पुलिस ने हाईवे पर हुई फर्जी लूट की घटना का खुलासा कर दो आरोपीयो को गिरफ्तार कर 20 लाख रुपये पर कीमत के 111 पश्मीना शॉल, अवैध असलहा व घटना में प्रयुक्त अर्टिगा कार बरामद की है। पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञान्जंय सिंह ने प्रेस वार्ता कर

बताया कि थाना सिम्भावली पुलिस ने हाईवे पर हुई फर्जी लूट की घटना का खुलासा कर दो आरोपी साबिर व शादाब निवासी मौहल्ला जगतपुरा थाना बारादरी जनपद बरेली को पुलिस टीम ने बक्सर फ्लाईओवर के पास से दबिश देकर गिरफ्तार किया है पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि सिंभावली पुलिस द्वारा पकडे दोनों आरोपी में से साबिर अपने कारोबारी साथियों के साथ दिल्ली से बरेली शॉल लेकर जा रहा था। योजनाबद्ध तरीके से उसने अपने साथी शादाब के साथ मिलकर 25 अगस्त को थाना सिम्भावली क्षेत्र में खुद की ही लूट कराई और पुलिस को गुमराह करने के लिए फर्जी लूट की सूचना दी। जिनका उद्देश्य अपने ही माल को लूट दिखाकर छिपाना और फायदा उठाने था।

# ट्रासफार्मर के चपेट मे आया बालक ,गम्भीर रुप से घायल



**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

डुमरियागंज/सिद्धार्थनगर।डुमरियागंज कस्बे के गांधी नगर वार्ड में बिना बैरिकेडिंग के टांसफार्मर रखा है। मोहल्ले का एक बालक वहां उगी झाड़ से पत्ता तोड़ने गया था। इस दौरान टांसफार्मर के हाइटेंशन तार की चपेट में आकर झुलस गया। बिजली कटने के बाद परिजनों ने सीएचसी बेंवा पहुंचाया जहां हालत गंभीर देखते हुए बस्ती जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना को लेकर वार्डवासी बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं। गांधीनगर वार्ड निवासी शमसाद (11) पुत्र नौशाद बुधवार को 11 बजे दिन में अपने घर पर पाली गई बकरी के लिए निसवा मदरसा के पास खुले में रखे टांसफार्मर के पास उगी झाड़ से पत्ता तोड़ने गया था। पेड़ से पत्ता तोड़ते हुए हाइटेंशन तार की चपेट में आ गया। तार के सहारे पूरा शरीर लटक कर धुंआ उठने लगा। राहगीरों ने जब देखा मौके पर भीड़ जुट गई। किसी ने फोन कर बिजली को कटवाया और घर वालों को सूचना दी। लाइन कटने पर पर डंडा आदि से बच्चे को तार से छुड़ा कर इलाज के बेंवा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया। डॉक्टर ने गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल बस्ती रेफर कर दिया। वार्ड वासियों का आरोप है कि घटना के बाद मौके पर बिजली विभाग का कोई जिम्मेदार नहीं पहुंचा। बिजली विभाग के प्रति लोगों में आक्रोश है। थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश यादव ने कहा मामले की जानकारी है। मौके पर पुलिस ने पहुंचकर इलाज के अस्पताल पहुंचाने में सहयोग किया है।

## वरिष्ठ नेता भाजपा के प्रमोद नागर का जनता ने धूमधाम से मनाया जन्मदिन



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**हापुड़।** जिला पंचायत सभागार में अध्यक्ष रेखा नागर पति वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाजसेवी प्रमोद नागर का जन्मदिवस मनाया गया कार्यक्रम में लोगों ने प्रमोद नागर को शाल ओढ़ाकर व गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया।

जनपद के विभिन्न गाँवों से आये लोगों ने प्रतीक चिह्न भेंट कर व केक काटकर बधाई दी भाजपा पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर ने प्रमोद नागर को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया भाजपा के वरिष्ठ एवं समाजसेवी प्रमोद नागर के छोटे भाई रोहन नागर ने बताया कि यह जन्मदिन एक यादगार पल रहेगा इतनी बारिश होने के बावजूद भी अन्य गांव गांव से आकर लोगों ने बड़े भैया को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी मैं उन सभी का दिल से आभार प्रकट करता हूं।

इस मौके पर भाजपा जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश तोमर , नरेंद्र चंदेल,एएमए शिशुपाल शर्मा, सूभाष प्रधान, सुरेश तोमर आदि मौजूद रहे।

## शराब ठेकेदार ने युवक से 27 लाख रुपए ठगे और जान से मारने की दी धमकी

**बाबूगढ़, हापुड़।** स्थानीय व्यवसायी और ठेकेदार विपिन सिंह ने पुलिस अधीक्षक हापुड़ को एक गंभीर शिकायत पत्र सौंपा है। विपिन का आरोप है कि उनके साझेदार जानी पुत्र मुरारी ने शराब ठेके के काम में धोखाधड़ी की है और उनके लाखों रुपए हड़प लिए हैं।विपिन ने बताया कि जानी ने उन्हें 27 लाख रुपए उधार लिए थे, जिसे वापस नहीं कर पाया। बाद में आपसी सहमति से अंग्रेजी शराब के ठेके के लिए लॉटरी जानी के नाम पर डाली गई। ठेके की लागत और लाभ हानि का फैसला तीनों–अमित, जोनी और विपिन–ने बराबर हिस्सेदारी में किया था। शुरूआत में ठेके का संचालन मिलकर किया गया और बिक्री का पैसा नियमित रूप से बैंक में जमा किया जाता था। विपिन ने कहा कि जानी ने खुद वेयरहाउस का भुगतान किया, लेकिन जब ठेके से लाभ होने लगा तो जानी ने धोखाधड़ी शुरू कर दी।

# गणेश आराधना का सनातन धर्म में विशेष विधान: मोहिनी दासी

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा/ बलदेव।** बलदेव पब्लिक स्कूल में गणेश चतुर्थी पर स्थापित भगवान विघ्नहर्ता गणेशजी की प्रतिमा विसर्जन के उपलक्ष्य में कथा प्रवक्ता सुश्री मोहिनी कृष्ण दासी ने कहा कि भगवान गणेश जी बुद्धिदाता हैं। उनका स्मरण, ध्यान और पूजन हर सनातनी व्यक्ति को सबसे पहले करना चाहिए। उनकी पूजा हमें फलित होती है और बिगडे काम बनते हैं। उन्होने बलदेव पब्लिक स्कूल में विसर्जन की नयी परंपरा को पर्यावरण के लिए उचित बताया।

इससे पूर्व विद्यालय प्रबंधन की ओर से शिक्षक शिक्षिकाएं व स्टाफ के अलावा श्रीधाम वृंदावन से पहुंचीं कथा प्रवक्ता सुश्री मोहिनी कृष्णदासी, चेयरमैन डा अशोक सिकरवार, प्राचार्य अनीता सिकरवार व उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद की कोऑर्डिनेटर चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार पत्रकार व गो-गोपी संस्थान वृन्दावन के अध्यक्ष शिवम ने गणेश जी का पूजा अर्चन किया।

विद्यालय की प्राचार्या डॉ. श्रीमती अनीता ने बताया कि सुंदर गणेश जी की प्रतिमा को जल में प्रवाहित करने के बजाय सुरक्षित रखा जाता है। अगले वर्ष पुनः इसे सुंदर बना कर पूजन हेतु रखा जायेगा। यह माना जाता है कि विसर्जन हेतु प्रतिमा को पवित्र भाव से नहीं ले जाता है। गणेश चतुर्थी के दिन विद्यालय के स्वागत कक्ष में स्थापित उक्त गणेश प्रतिमा की समस्त विद्यालय परिवार ने प्रतिदिन नियमित पूजन-अर्चना की। इस अवसर पर सुश्री मोहिनी कृष्णदासी ने गणेशजी पूजन के बाद विद्यालय की उन्नति एवं उज्ज्वल भविष्य की प्रार्थना की। उन्होंने विद्यालय में बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने की परंपरा एवं वहां के उच्च शैक्षणिक स्तर पर प्रसन्नता व्यक्त की। विद्यालय परिवार की ओर से प्राचार्य डा अनीता सिकरवार ने कथा प्रवक्ता सुश्री मोहिनी आदि का स्वागत किया।

# यातायात नियमों को लेकर आगरा पुलिस कमिश्नर की विशेष अपील साथ ही कड़े निर्देश

**वेलकम इंडिया/मयूर खान**



**आगरा।** पिछले कुछ समय में अलग-अलग माध्यमों से मेरे समक्ष यातायात से सम्बन्धित कई शिकायतें आई हैं। इनमें सबसे प्रमुख शिकायतें ई-रिक्शा/सीएनजी ऑटो चालकों से सम्बन्धित आई हैं। जिनमें ई-रिक्शा/सीएनजी ऑटो चालकों द्वारा यातायात नियमों की अनदेखी के कारण जाम लगना और सडक दुर्घटना भी शामिल हैं। इनके द्वारा जरा सा ट्रैफिक रुकते ही कई बार तुरन्त गलत दिशा में चले जाना, सिंगल रोड पर ट्रैफिक लगते ही अपनी लाइन छोड़कर सामने से आने वाले वाहन की लाइन में जाकर ट्रैफिक को प्रभावित करना एवं क्षमता से अधिक सवारियाँ बिठाना शामिल है।

इन शिकायतों के प्राप्त होने के उपरान्त पिछले कई दिनों से सड़क पर मैंने इसे स्वयं अनुभव करने का प्रयास किया जिसमें मुझे भी ई-रिक्शा/सीएनजी ऑटो चालकों द्वारा यातायात नियमों की मनमानी/अनदेखी कई बार देखने को मिली। क्षमता से अधिक सवारियाँ बिठाने के कारण कई बार सड़क दुर्घटना होने की भी प्रबल संभावना रहती है।

आप सभी से एक साथ संवाद करना संभव नहीं है इसलिए सोशल मीडिया एवं मीडिया के माध्यम से मैं पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार आप सभी से कहना चाहता हूँ कि आपके द्वारा की जाने वाली नियमों की अनदेखी और मनमानी का खामियाजा सामान्य नागरिकों एवं स्कूल की छुट्टी होने के उपरांत छोटे बच्चों व बुजुर्गों को भुगतना पड़ता है। मैं यह जानता हूँ कि यह ई-रिक्शा/सीएनजी ऑटो आपकी आजीविका का साधन है, जिससे आपका घर चलता है। इसलिए मैं कदापि नहीं चाहता कि आपकी आजीविका प्रभावित हो। लेकिन आजीविका की आढ़ में यह भी नहीं होने दिया जायेगा कि आप सड़क पर यातायात नियमों को लेकर मनमानी करें। जिस कारण जनपद आगरा के सामान्य नागरिक/स्कूल जाने वाले बच्चे एवं बुजुर्ग व्यक्ति प्रभावित हों।

अतः आगरा के सभी ई-रिक्शा/सीएनजी ऑटो चालकों से अपील करना चाहता हूँ कि आप सड़क पर चलते समय यातायात नियमों का उल्लंघन कदापि न करें। अपनी लाइन में ही चलें, ट्रैफिक सिग्नल का सम्मान करें एवं सिंगल रोड़ पर अपनी लाइन छोड़कर सामने से आने वाले वाहन की लाइन को प्रभावित न करें। साथ ही क्षमता से अधिक सवारियाँ न बिठायें।

यदि आप इसके बावजूद भी यातायात नियमों का उल्लंघन करते हुए पाये जाते हैं, तो गठित टीमें नियमानुसार हैवी फाइन एवं ई-रिक्शा/सीएनजीऑटो को सीज करने पर मजबूर होगीं।

## दहेज के लिए महिला का उत्पीड़न, पति पर जेठानी से अवैध संबंधों का आरोप

**बरेली।** थाना इज्जतनगर क्षेत्र में एक विवाहिता ने ससुराल पक्ष पर दहेज की मांग, मारपीट और जान से मारने की कोशिश के गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता ने थाने में दी गई तहरीर में यह भी दावा किया है कि उसके पति के संबंध उसकी जेठानी से हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़िता ने बताया है कि उसकी शादी 22 जून 2022 को बदायूं जिले के उझानी निवासी से हुई थी। शादी में पिता ने करीब 22.71 लाख रुपये नकद, 15 तोला सोना, एक मारुति कार और हजार लोगों के खाने का खर्च उठाया था। शादी के बाद पति, ससुर, जेठ, जेठानी, ने उस पर 10 लाख रुपये नकद और एक स्कॉर्पियो कार की अतिरिक्त मांग शुरू कर दी। पीड़िता का कहना है कि बड़ी बेटी के जन्म के बाद उत्पीड़न और बढ़ गया।

# झमाझम बारिश में अचानक नीम का पेड़ युवक के ऊपर गिरने से हुई मौत





**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर।** छतारी थाना क्षेत्र के गांव वान में स्थित चामुंडा मंदिर पर खड़े नीम के पेड़ के अचानक गिरने से नीरज शर्मा पुत्र अजीत पाल शर्मा की दबने से मौत हो गई। लोगों ने बताया कि नीरज शर्मा चामुंडा मंदिर पर नीम के पेड़ के नीचे बाइक पर खड़े होकर अपनी मां का इंतजार कर रहे थे वह अपनी मां के साथ अपनी ननिहाल गांव सरभन्ना जा रहे थे मौसम खराब होने की वजह से उन्होंने अपनी मां को पहासू से बस में बैठा दिया था जिनका वह खड़े होकर बाइक पर वहां बस आने का इंतजार कर रहे थे तभी अचानक झमाझम बारिश में एक हवा के झोंके से नीम का पेड़ गिर गया जिसके नीचे दबने से नीरज शर्मा पुत्र अजीत पाल शर्मा उम्र ( 45 ) निवासी बनैल थाना पहासू की मौके पर मौत हो गई ।

घटना की सूचना पाकर क्षेत्रीय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक का पंचनामा भरकर शव को परिजनों को सौंप दिया क्योंकि मृतक के परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए मना कर दिया था। दुखद घटना से परिजनों में मचा कोहराम रोरो कर बुरा हाल।

## वीडियो व फोटो वायरल करने के आरोपी के खिलाफ एसपी से महिला ने लगाई न्याय की गुहार

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**हापुड।** जनपद के थाना हापुड़ देहात क्षेत्र के एक मौहल्ले की एक महिला ने पड़ोस में किराए के मकान में बोबी पुत्र शीशपाल निवासी ग्राम ढहाना, थाना सिम्भावली,जनपद हापुड़ पर प्यार के जाल में फंसा कर शारीरिक संबंध बना वीडियो व फोटो वायरल करने के आरोपी के खिलाफ एसपी से शिकायत करते हुए न्याय की गुहार लगाई है महिला ने शिकायत पत्र में बताया कि उक्त व्यक्ति जोकि बिजली का कार्य करता था। बिजली के कार्य हेतु उक्त व्यक्ति का मेरे घर में आना जाना था और मुझे अपने प्रेम जाल में फंसा कर कई शारीरिक सम्बन्ध बनाये। इसके बाद काम करने के बहाने से कई बार में 1 लाख 60 हजार रुपए ऐंठ लिए। महिला ने अपने रुपए वापस मांगे तो बोबी ने गन्दी गन्दी गलियां देते हुए धमकाया कि तुझे कोई रुपया नहीं मिलेगा ज्यादा करेगी तो तेरी फोटो तथा विडियो वायरल कर दूंगा। इसके कारण महिला काफी डरी सहमी हुयी है क्योंकि महिला सामाजिक परिवार से है। प्रार्थिनी को डर है कि कहीं समाज में वह व्यक्ति फोटो या विडियो वायरल न कर दे। उपरोक्त बोबी पर सख्त से सख्त कानूनी कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

## झोलाछाप डॉक्टर की लापरवाही से 18 वर्षीय विनीता की मौत, इंजेक्शन लगते ही टूटी सांसें

**वेलकम इंडिया/मोहम्मद खालिद**



**बरेली।** फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र की नई बस्ती में मंगलवार देर रात एक दर्दनाक हादसा हो गया। इस हादसे में 18 वर्षीय विनीता पुत्री सोमपाल की मौत हो गई, परिजनों के मुताबिक झोलाछाप डॉक्टर के इंजेक्शन से बेटी की मौत हो गई। इस घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया और पूरे मोहल्ले में आक्रोश फैल गया।

मृतका के भाई ने बताया है कि मंगलवार देर रात विनीता के पेट में अचानक तेज दर्द उठा। जिसके बाद परिजन उसे कस्बे के ही एक झोलाछाप डॉक्टर के पास ले गए। डॉक्टर ने बिना जांच किए उसे तीन इंजेक्शन लगा दिए और कहा कि यह गैस का दर्द है, 20 मिनट में ठीक हो जाएगी। लेकिन इंजेक्शन लगने के चंद मिनट बाद ही विनीता की हालत और बिगड़ गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। विनीता की मां सुदामा का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार वालों ने बताया कि विनीता तीन भाइयों और दो बहनों में सबसे छोटी थी तथा कक्षा 11 की छात्रा थी। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कस्बे का यह झोलाछाप डॉक्टर पहले भी कई लोगों की जान ले चुका है। बावजूद इसके स्वास्थ्य विभाग कार्रवाई करने के बजाय आंखें मूंदे बैठा है।

स्थानीय लोगों ने साफ कहा है कि विभागीय मिलीभगत के चलते झोलाछाप बेखौफ इलाज कर रहे हैं और गरीबों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं। शोकाकुल परिवार ने थाना फतेहगंज पश्चिमी में तहरीर देकर आरोपी झोलाछाप डॉक्टर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## बहेड़ी में वीमार्ट बना जनता के लिए मुसीबत का सबब ...प्रशासन बेखबर

**वेलकम इंडिया/मोहम्मद खालिद**




**बरेली।** बहेड़ी नगर क्षेत्र के मुख्य बाजार नैनीताल रोड पर राजा टॉकीज के सामने खुले वीमार्ट ने उद्घाटन के मात्र पाँच दिन में ही लोगों की नींद उड़ा दी है। यह शॉपिंग प्वाइंट जहां खरीदारी का केंद्र बनना था, वहीं अब मरीजों, दुकानदारों और राहगीरों के लिए मुसीबत का सबब बन चुका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वीमार्ट में रोजाना तेज आवाज वाला साउंड सिस्टम बजता रहता है।

डीजे की गड़गड़ाहट इतनी तेज है कि सड़क पर चलते वाहनों के हॉर्न तक सुनाई नहीं देते। जबकि जिला अधिकारी बरेली के आदेश के अनुसार किसी भी प्रकार के आयोजन के लिए डीजे की परमिशन जिला प्रशासन से लेनी अनिवार्य हो चुकी है बावजूद इसके यहां पर जिला प्रशासन के नियमों की अनदेखी की जा रही है। ऐसे में दुर्घटना का खतरा और बढ़ गया है। खरीदारी करने आने वाले ग्राहकों के वाहन बिना किसी पार्किंग व्यवस्था के सड़क किनारे खड़े रहते हैं। पार्किंग व्यवस्था न होने से वाहन चोरी का भी खतरा बना रहता है। वीमार्ट के उद्घाटन के पहले दिन ही एक मोटरसाइकिल चोरी की घटना हो चुकी है। सबसे बड़ा खतरा वीमार्ट को सप्लाई हो रही 11,000 केवीए की हाईटेंशन लाइन से है। जर्जर और खुले तारों से हो रही सप्लाई से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। भीड़-भाड़ वाले बाजार में इस तरह की लापरवाही से लोगों की जान खतरे में पड़ गई है। तीन मंजिला इमारत में खुला यह वीमार्ट अग्निशमन विभाग की एनओसी को लेकर भी सवालों के घेरे में है। स्थानीय लोग पूछ रहे हैं कि इतनी बड़ी इमारत में आग लगने की स्थिति में सुरक्षा इंतजाम क्या हैं ? मरीजों, मेडिकल स्टोर स्वामियों और राहगीरों ने प्रशासन से मांग की है कि वीमार्ट की व्यवस्थाओं की जांच कराई जाए और बिना पार्किंग व सुरक्षा इंतजाम के इसे चलाने की अनुमति न दी जाए।

## जिला पंचायत अपर मुख्य अधिकारी को मिला प्रशस्ति पत्र



**बुलंदशहर।** आई आई टी कानपुर में ₹ नेतृत्व व प्रबंधन विकास कार्यक्रम₹ में सफलतापूर्वक 05 दिवसीय प्रशिक्षण उपरांत धर्मजीत त्रिपाठी अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत बुलंदशहर को प्रमाण पत्र मिला पंचायती राज विभाग के प्रथम बैच के प्रशिक्षण में व्यावहारिकता को टेक्नोलॉजी से जोड़ कर शासकीय योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के के दिए गए टिप्स गत वर्ष आई आई एम अमृतसर में राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण कार्यक्रम में भी प्रतिभाग करते हुए जिला पंचायत बुलंदशहर द्वारा कराए गए कार्यों की प्रस्तुति करते हुए प्राप्त हुआ था प्रशस्ति पत्र।

## निश्छल प्रेम करना प्रभु कृष्ण ने सिखाया: नारायण दास अग्रवाल कुलाधिपति

**वेलकम इंडिया**




**मथुरा।** अनंत चतुर्दशी 6 सितंबर को गोवर्धन की तलहटी में होने वाले अलौकिक छप्पन भोग में गिरिराज प्रभु नीलम पुखराज के रत्नों से जड़ी मोरपंखी धारण करेंगे ! कृष्ण सभागार में हुए समारोह में जीएलए यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति नारायण दास अग्रवाल ने नाथद्वारा से बन कर आये प्रभु को अर्पित की जाने वाले गंगा सागर का अनावरण करते हुए कहा कि कृष्ण ने इन्द्र का मान मर्दन कर बृजवासियों की रक्षा की और तभी से बृजवासी प्रभु को छप्पन भोग लगाते हैं और तभी से कृष्ण गिरिराज कहलाये कृष्ण प्रेम स्नेह सद्भाव के प्रणेता हैं ! इससे पूर्व गिरिराज सेवा समिति के संस्थापक मुरारी अग्रवाल ने प्रभु की छवि पर माल्यार्पण किया उन्होंने बताया इस बार प्रभु सोने की बाँसुरी धारण करेंगे !

महामंत्री अशोक कुमार आढ़तिया ने बताया कि तीन दिवसीय अलौकिक छप्पन भोग महोत्सव के लिए कोलकाता और उड़ीसा के कारीगरों ने भव्य राजमहल तैयार किया है ! 4 सितंबर को दुग्ध धारा परिक्रमा 5 सितंबर को पंचरत्नम महाभिषेक और स्वामी श्री हरिदास संगीत समारोह में देश के प्रमुख संतूर वादक अपनी प्रस्तुति देंगे ! छप्पन भोग महोत्सव के मुख्य संयोजक राघवेंद्र गर्ग ने बताया कि प्रभु का श्रृंगार सोने चाँदी सप्त रत्नों हीरा पन्ना मोती नीलम गोमेद पुखराज माणिक मूँगा से होगा ! थाईलैण्ड मलेशिया मारीशस से आ रहे फूलों से तलहटी सजाई जाएगी जगह जगह शास्त्रीय संगीत का वादन भक्ति रस बिखेरेगा ! पंचरत्नम महाभिषेक सप्त नदियों गंगा यमुना कृष्णा चिनाव गोदावरी नर्मदा ब्रह्मपुत्र के पवित्र जलों और कामधेनु गाय के दूध और जड़ी बूटियों से होगा ! 6 सितंबर को सबसे पहले ब्रज के साधू संतों का भोज होगा उसके बाद दोपहर तीन बजे से रात्रि 12 बजे तक दर्शन होंगे ! अनावरण समारोह में अध्यक्ष दीनानाथ रामभवन संरक्षक राजेंद्र कुमार सर्राफ कोषाध्यक्ष भगवान दास खंडेलवाल मुख्य संयोजक राघवेंद्र गर्ग संयोजक अनमोल बंसल सांस्कृतिक कार्यक्रम संयोजक कृष्ण कुमार कन्नू सर्राफ राकेश गर्ग आढ़ती नीरज गोयल दिनेश सादाबाद आगरा के संयोजक दिनेश मंगल अलीगढ़ के संयोजक लल्लू सिंह आदि मौजूद थे !

## पीआरवी 7669 द्वारा सड़क दुर्घटना में घायल 01 व्यक्ति को भेजवाया गया अस्पताल

**संतकबीरनगर।** पीआरवी 7669 को थाना कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्रांतर्गत धनघटा चौराहा से कालर द्वारा बाइक के फिसलकर गिर जाने के कारण घायल 01 व्यक्ति बलिन्दर पुत्र अज्ञात सा0 गागरगाड़ थाना धनघटा के सम्बन्ध में सूचना दिया, सूचना मिलते ही पीआरवी कर्मियों द्वारा त्वरित गति से घटनास्थल पर पहुँचकर उक्त घायल व्यक्ति को ईलाज हेतु निजी वाहन से इलाज हेतु सी0एच0सी0 मलौली भेजवाया गया । घटना के सम्बन्ध में थाना धनघटा को अवगत कराया गया । पीआरवी कर्मियों की सतर्कता व सूझबूझ से घटनास्थल पर तत्परता से पहुँचकर घायल को ईलाज हेतु निजी वाहन से इलाज हेतु सी0एच0सी0 मलौली भेजवाया गया ।

## नवांगत थानाध्यक्ष ने कड़े तेवरों के साथ संभाला कार्यभार

**वेलकम इंडिया**



**बुलंदशहर।** रामघाट थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था को बिगाड़ने वाले लोगों के खिलाफ होगी सख्त करवाई जुआ सट्टा आदि गलत कार्यों को क्षेत्र में पनपने नहीं दिया जाएगा दोषी को छोड़ेंगे नहीं निर्दोष को छेड़ेंगे नहीं

नवागत थाना प्रभारी अनु प्रताप सिंह ने थाने का चार्ज संभालने के बाद दैनिक जन सागर टुडे के पत्रकार जेपी गौतम से वार्ता करते हुए बताया है कि शासन प्रशासन के निदेर्शों का सख्ती से पालन किया जाएगा थाना क्षेत्र में जुआ सट्टा आदि अपराध को जन्म देने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी उन्होंने बताया पीड़ितों के लिए थाने के 24 घंटे दरवाजे खुले हुए हैं किसी को शिफारिश के लिए थाने में साथ में लाने की कोई जरूरत नहीं है। पीड़ित अपनी समस्या को स्वयं आकर बताएं जांच कराकर दोषी लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी झूठा मुकदमा राजनीति के दबाव में कतई नहीं लिखा जाएगा

पुलिस के नाम पर दलाली करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी किसी के कहने पर बिना जांच कराए निर्दोष को छेड़ेंगे नहीं और दोषी को छोड़ेंगे नहीं कोई व्यक्ति कितना भी प्रभाव शाली हो जो कानून व्यवस्था को बिगाड़ने की कोशिश करेंगे उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

## गुंजन माथुर बनी अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ट्रस्ट की प्रदेश प्रभारी

**वेलकम इंडिया/सूरज मौर्य**



**बरेली।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ट्रस्ट के संरक्षक उत्तर प्रदेश सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ अरुण कुमार सक्सेना, राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट प्रदीप सक्सेना व राष्ट्रीय महामंत्री दीपक सक्सेना के अनुमोदन पर गुंजन माथुर को प्रदेश प्रभारी के पद पर मनोनीत किया गया। जिसके बाद गुंजन माथुर ने बताया कि वह अपने समाज और प्रदेश के लिए ऐसा कार्य करेंगे जिससे समाज के साथ प्रदेश में संगठन को नई पहचान मिले। उन्होंने कहा कि समाज को शिक्षित बनाने और महिलाओ को उनके अधिकार दिलाने के लिए जागरूक किया जायेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि एक अच्छे समाज की परिकल्पना करना अच्छी बात है और उससे भी अच्छी बात यह है कि हम अच्छे समाज के निर्माण में दो कदम साथ मिलकर चले साथ ही में विशाल परिवार की सांस्कृतिक गरिमा एवं सामाजिक सम्मान एवं सदभावना के उत्थान के लिए सदेव प्रयासरत रहे। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ट्रस्ट का संकल्प है कि एकजुट होकर समाज की आवाज को और सशक्त बनाया जाए तथा आने वाली पीढ़ियों को एक सशक्त और गौरवशाली पहचान प्रदान की जाए।

## दबिश के दौरान 02 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन में जनपद में वांछितों व न्यायालय में हाजिर न होने वाले अभियुक्तों के खिलाफ जारी गैर जमानतीय वारण्ट के तहत फरार चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी के क्रम में थाना कोतवाली खलीलाबाद उ0नि0 धर्मनाथ यादव, का0 सुरेश कुमार मौर्या ने 01 वारण्टी अर्जुन पुत्र मूरत निवासी नौरंगिया थाना को0 खलीलाबाद को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। थाना दुधारा उ0नि0 सचिन्द्रनाथ राय, हे0का0 दुर्गेश भारती ने वारण्टी अकरम हुसैन पुत्र सफाक मुहम्मद निवासी पिपराचक थाना दुधारा को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

## रिश्वतखोर राज्य कर विभाग के सहायक आयुक्त रंगे हाथ गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** बिना पैसे काम नहीं होगा₹ - ये डायलॉग बुधवार को रामपुर में सहायक आयुक्त राज्य कर विभाग सतीश कुमार को भारी पड़ गया। विजिलेंस टीम बरेली ने उन्हें उनके दफ्तर से ही 15 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ लिया। दरअसल रामपुर निवासी एक युवक ने अपनी पत्नी के नाम से फर्म खोलने के लिए जीएसटी रजिस्ट्रेशन का आवेदन दिया था। आरोप है कि सहायक आयुक्त सतीश कुमार ने फाइल आगे बढ़ाने के लिए 25 हजार की मोटी रकम मांग डाली। जिसके बाद तय हुआ कि पहले 15 हजार और बाद में 10 हजार रुपये दिए जाएंगे। पीड़ित ने मामला सीधे एसपी विजिलेंस बरेली सेक्टर को बताया। जब जांच सही पाई गई तो बुधवार को टीम ने ऑफिस में ही ट्रैप लगा दिया। जैसे ही सतीश कुमार ने 15 हजार रुपये लिए, टीम ने उन्हें रंगे हाथ दबोच लिया। मौके से बरामद रकम को कब्जे में लेकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी की खबर लगते ही राज्य कर विभाग में सनसनी फैल गई। कर्मचारियों में कानाफूसी शुरू हो गई कि लंबे समय से विभाग में लेन-देन का खेल चल रहा है, लेकिन इस बार पूरा खेल विजिलेंस ने चौपट कर दिया।

# अपना घर आश्रम में लोकार्पित हुआ 200 बेड का भवन , रक्तवीरों ने दिया सेवा का संदेश

**वेलकम इंडिया**




**मथुरा।** बुधवार को गोवर्धन स्थित अपना घर आश्रम के आठवें स्थापना दिवस पर प्रभुजी को समर्पित 200 बेड के नए भवन का लोकार्पण हुआ। एवं रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर 26 रक्तवीरों ने अनाथ और मानसिक दिव्यांगों के लिए रक्तदान भी किया।

कार्यक्रम की शुरूआत बुधवार दोपहर रक्तदान शिविर से हुई। ब्रजनिष्ठ संत कन्हैया बाबा ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। सचिव केशव मुखिया ने रक्तदाताओं का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया।शाम को हनुमान बाग के महंत सियाराम दास महाराज ने शिला पट्टिका का अनावरण कर भवन का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने संस्थापक डॉ. बीएम भारद्वाज और माधुरी भारद्वाज की सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि अपना घर आश्रम वास्तव में मानवता का मंदिर है।




लक्ष्मण मंदिर अखाड़ा के महंत अशोक नारायण दास ने आश्रम को हर संभव सहयोग देने का भरोसा दिया, जबकि चेतन बाबा ने सभी को आशीर्वाद प्रदान किया। इस मौके पर वीरपाल सिंह, चंद्रशेखर गुप्ता और कुसुमलता अग्रवाल ने आश्रम की सेवाओं पर प्रकाश डाला।

चौ. भगवान सिंह, मनीष लंबरदार, बिहारी चकाचक समेत कई गणमान्य लोगों ने भी सेवा कार्यों की सराहना की। डॉ. विष्णु रावत और हरिओम वर्मा ने आगंतुकों का स्वागत किया। संचालन नृत्य गोपाल दुबे ने किया।

इस कार्यक्रम में बिहारी चकाचक, संजीव लालाजी, लछमन ठाकुर, ठाकुर फतेह सिंह, राम शरण, सुदीप भट्ट, डॉ. गिरधारी राणा, वरुण खंडेलवाल, आकाश खंडेलवाल, देवेश सोनी, श्रेयस गुजराती, रेखा मुखिया, पूजा, शिवानी, डॉली आदि का विशेष सहयोग रहा।

# जिले की कलेक्ट्रेट सभागार में शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**



**हापुड़।** जनपद में किया गया जिसमें बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अध्यापकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रेखा नगर एवं विशिष्ट अतिथि विधायक धौलाना श्री धर्मेश तोमर, विधायक प्रतिनिधि श्री पवन त्यागी ,मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का आयोजन डायट प्राचार्य जितेंद्र मलिक द्वारा उप्राचार्य ज्योति दीक्षित के निर्देशन में किया गया। शिक्षक दिवस अवसर पर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रितु तोमर द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग की उपलब्धियां से अवगत कराया गया जिसमें गत वर्ष निपुण परीक्षा में प्रदेश में जनपद हापुड़ का तीसरा स्थान ,नवोदय विद्यालय एवं विद्याज्ञान परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों के बारे में बताया गया।जिला विद्यालय निरीक्षक श्वेता पुठिया द्वारा माध्यमिक शिक्षा में किया जा रहे रियासों और उपलब्धियां को बताया गया।

कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर व सम्मान पटका पहनकर सम्मानित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षकों द्वारा किए जा रहे कार्यों को सराहा गया और बच्चों की तार्किक और विश्लेषणआत्मक क्षमता की आवश्यकता को बताया गया।

विधायक धर्मेश तोमर जी द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में सरकार द्वारा किए गए प्रयासों और उसके परिणाम को बताया गया।ज़िला पंचायत अध्यक्ष द्वारा कहा गया की बच्चों को शिक्षित करने से हीं समाज में परिवर्तन होगा औ? देश विकास करेगा। डा रेनू देवि द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गयी डायट प्रवक्ता पूर्णिमा ने लोक गीत प्रस्तुत किया।कार्यक्रम के समापन पर अतिथियों को प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया।,र द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम में ज़िला व्यायाम शिक्षक मनप्रीत खैरा सुबोध यादव,संजय शर्मा और अंजू आजाद के द्वारा मंच संचालन किया गया।

## घर में रखी नगदी और जेवरात लेकर किशोरी प्रेमी संग फरार मुकदमा दर्ज

**कांधला।** कस्बा निवासी एक किशोरी अपनी प्रेमी के साथ घर से नगदी व जैवरात लेकर फरार हो गई। किशोरी के भाई ने थाने पर पहुंचकर हरियाणा निवासी एक नामजद व अज्ञात पर उसकी बहन को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का अभियोग दर्ज कराया है पुलिस तलाश में जुटी हुई है।कस्बा निवासी एक व्यक्ति ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि विगत 27 अगस्त को उसकी नाबालिग बहन घर से संदिग्ध परिस्थितियों में कहीं लापता हो गई।काफी खोजबीन करने के बाद भी जब उन्होंने तलाश किया तो कहीं भी सुराग नहीं लगा। पीड़ित ने आसपास जानकारी की तो पता चला कि उसकी नाबालिग बहन को पानीपत जिले के थाना सिनौली क्षेत्र के गांव राणा माजरा निवासी शाहरुख उर्फ भोलर पुत्र यासीन अपने एक अन्य साथी के साथ बाइक पर बिठाकर बहला-फुसलाकर ले गया।पीड़ित का आरोप है उसकी बहन घर पर राखी पच्चास हजार रुपये की नगदी और कीमती जेवरात भी अपने साथ ले गई।

# पुलिस अधीक्षक द्वारा तीन सवारी व हेलमेट न पहनने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध चलाया गया अभियान

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन, क्षेत्राधिकारी यातायात अभयनाथ मिश्रा के पर्यवेक्षण में संतकबीरनगर पुलिस द्वारा यातायात सुरक्षा के दृष्टिगत आज दिनाँक 03.09.2025 को जनमानस को यातायात जागरुकता के नियमों के बारें में जागरुक करते हुए हेलमेट न पहनने वालों व तीन सवारी बैठाकर मोटरसाइकिल चलाने वालों के विरुद्ध अभियान चलाया गया साथ ही मेंहदावल बाइपास पर रोडवेज बसों द्वारा अनियंत्रित रुप से किये जा रहे अवागमन जाम की स्थिति के दृष्टिगत रोडवेज बसों के आने जाने हेतु बैरियर लगाकर लेन निर्धारित किया गया, जिससे मेंहदावल बाइपास पर लगने वाले जाम से निजात मिल सकेगी ।

हेलमेट व तीन सवारी अभियान के दौरान संतकबीरनगर पुलिस द्वारा थाना कोतवाली खलीलाबाद से 05 वाहनों से 4,000 रुपए, थाना धनघटा से 04 वाहनों से 4,000 रुपए, थाना महुली से 08 वाहनों से 7,500 रुपए, थाना बेलहरकला से 02 वाहनों से 2,000 रु0, थाना धर्मसिंहवा से 02 वाहनों से 2,000 रु0 यातायात पुलिस द्वारा 74 वाहनो से 75,500 रुपए जुमार्ना वसूला गया साथ ही वाहन चलाते समय तीन सवारी न बैठने, बिना नम्बर प्लेट लगी वाहन न चलाने, नशे की हालत में गाड़ी न चलाने, वाहन को ओवर स्पीड़ से न चलाने के साथ लोगों से अपील किया गया कि वे अपने परिवार वालों एवं रिश्तेदारों तथा आसपास के लोगों को वाहन चलाते समय हेल्मेट व सीट बेल्ट के प्रयोग करने हेतु प्रेरित करें।

# गैंगस्टर एक्ट में वांछित 25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार



**मेरठ।** थाना गंगानगर पुलिस को मंगलवार को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित 25 हजार रुपये के इनामी अपराधी को गिरफ्तार कर लिया।यह बदमाश लंबे समय से फरार चल रहा था और पुलिस की पकड़ से बच रहा था।लगातार निगरानी और दबिश के बाद आखिरकार पुलिस ने उसे धर दबोचा।गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान फारुख पुत्र सत्तार, निवासी मस्जिद के सामने, मदीना कॉलोनी, नूरनगर थाना लिसाड़ीगेट, मेरठ के रूप में हुई है।उसके खिलाफ धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट दर्ज है।पुलिस ने दबिश देकर उसके घर से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि फरार और वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए अभियान आगे भी और तेजी से जारी रहेगा। लगातार हो रही कार्रवाई से अपराधियों में खौफ का माहौल है।

# बिहार में राहुल जी के वोट अधिकार यात्रा से पूरी भाजपा में बौखलाहट है: प्रवीण चन्द्र पाण्डेय

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** जिला कांग्रेस कार्यालय पर मासिक बैठक जिला अध्यक्ष प्रवीण चंद पांडे जी के अध्यक्षता में संपन्न हुई।सबसे पहले जिला अध्यक्ष ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय कमलापति त्रिपाठी जी के जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर नमन करते हुए कहा कि स्वर्गीय कमलापति त्रिपाठी जी अपने कार्यकाल में जनहित में सैकड़ों योजनाओं का शुभारंभ किया जो समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे हुए लोगों के लिए मिल का पत्थर साबित हुआ केंद्र में रेल मंत्री रहते हुए देश में रेल लाइनों का जाल बिछा कर देश के हर शहरों को जोड़ने का काम किया और संविधान सभा के सदस्य भी रहे।मासिक बैठक में संगठन की चर्चा करते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि संगठन सृजन का काम अपने अंतिम चरण में चल रहा है कुछ ब्लाकों में कम का रफ्तार धीमा है जिसे जल्दी पूरा कर लिया जाएगा।जिला अध्यक्ष ने कहा कि बिहार में राहुल जी के वोट अधिकार यात्रा से पूरी भाजपा में बौखलाहट है राहुल गांधी जी के ऊपर कुछ तथ्यहीन मुद्दों को लेकर कर आक्रामक है जिसका कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी से कोई मतलब नहीं है जनता इनके वोट चोरी के प्लान को समझ चुकी है जिसका जवाब वो बिहार विधान सभा चुनाव में देने जा रही है वोट चोर अब जनता के सामने चाहे कितना भी रोएं चिल्लाएं जनता इनके हर चला को समझ चुकी है आज की बैठक में मुख्य रूप से दिलशाद अफसर सुनील कुमार पांडेय अरुण पांडेय सैयद तारिक हुसैन शांति देवी विजय कुमार शुक्ला सतीश साहनी अजय सिंह जय प्रकाश पांडेय हरि चौधरी चंद्रमणि त्रिपाठी आदि रहे।

## कांग्रेसियों ने पूर्व मुख्यमंत्री कमलापति त्रिपाठी की जयंती पर पुष्पांजलि की अर्पित

**बुलंदशहर।** बुधवार को स्वतंत्रता सेनानी उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व भारत सरकार के पूर्व रेल मंत्री कमलापति त्रिपाठी की जयंती पर कांग्रेस नेता कार्यकताओं ने बबलू कुरैशी के अनूपशहर स्थित आवास पर कोऑर्डिनेटर ज्ञानेंद्र सिंह राघव कोऑर्डिनेटर प्रज्ञा गौड़ व विधानसभा प्रभारी/उपाध्यक्ष सलाम खां के संबोधन के साथ कमलापति त्रिपाठी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें महान स्वतंत्रता सेनानी के साथ-साथ उत्तर प्रदेश के सफल मुख्यमंत्री तथा रेल मंत्री के साथ-साथ देश के प्रति उनके सच्चे समर्पण को याद करते हुए उनके द्वारा स्वतंत्रता संग्राम में दिए गए योगदान से सभी कांग्रेस नेता व कार्यकताओं से प्रेरणा लेते हुए वर्तमान में भाजपा सरकार वोट चोरी के माध्यम से लोकतंत्र को कमजोर करने तानाशाही करने तथा तरह-तरह के हथकंडे अपना कर मुख्य समस्याओं से ध्यान भटका कर लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए, कांग्रेस को बूथ स्तर पर मजबूत करने का आह्वान किया।

# प्रचुन की दुकान से दस हजार का सामान लेकर रफूचक्कर हुआ दंपत्ति

**वेलकम इंडिया**



**कांधला। (मोहसीन रहमानी)** कस्बे में ठगी की वारदात ने लोगों को हैरान कर दिया। कस्बे की पुरानी सब्जी मंडी स्थित मोहल्ला शेखजादगान निवासी बाबर राणा मस्जिद की दुकान में परचून की दुकान चलाते हैं।पीडित दुकानदार के अनुसार दुकान पर एक महिला, पुरुष अपने एक बच्चे के साथ बाइक पर सवार होकर पहुंचे।दुकानदार के अनुसार, महिला और पुरुष ने उसे बातचीत में उलझाकर करीब दस हजार रुपये का घरेलू सामान निकलवा लिया। आरोपियों ने सारा सामान बाइक पर रख लिया और दुकान पर मौजूद स्कैनर से ऑनलाइन भुगतान करने का बहाना बनाते हुए यह कहकर चल दिए कि आपके खाते में ऑनलाइन पैसे डाल दिए हैं।लेकिन जब दुकानदार ने अपने खाते की जांच की तो उसमें कोई भी रुपये नहीं आए।घटना का एहसास होते ही दुकानदार ने आसपास तलाश की, लेकिन महिला, पुरुष व उसके बच्चों का कहीं कोई पता नहीं चला। मामला दिन भर चर्चा का विषय बनी रही।कस्बे के कई लोगों का कहना है कि ऐसे ठग गिरोह आए दिन नए-नए तरीके अपनाकर दुकानदारों को निशाना बना रहे हैं।लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे गिरोहों पर सख्ती से कार्रवाई की जाए।

# शिक्षक दिवस पर जिले के सीडीओ जिला पंचायत अध्यक्षा ने डॉ.सुमन अग्रवाल को किया सम्मानित



**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**

**हापुड़।** जनपद के नगर क्षेत्र के एकमात्र निपुण विधालय व शैक्षणिक कार्यों के लिए शिवा प्राथमिक पाठशाला की प्रधानाध्यापिका डॉ.सुमन अग्रवाल को जिला पंचायत अध्यक्ष, सीडीओ,डायट उप प्राचार्य, बीएसए ने शिक्षक दिवस पर उत्कृष्ट पुरस्कार से सम्मानित किया।जानकारी के अनुसार हापुड़ के कलेक्टर गंज स्थित शिवा प्राथमिक पाठशाला को नगर क्षेत्र का प्रथम निपुण विधालय घोषित किया गया।कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित शिक्षक दिवस समारोह में बुधवार को जिला पंचायत अध्यक्षा रेखा नागर,जिला मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम उप प्राचार्य ज्योति, बीएसए रितु तोमर ने प्रधानाध्यापिका डॉ सुमन अग्रवाल सहित अन्य शिक्षकों को उत्कृष्ट पुरस्कार से सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि यह सम्मान बच्चों के साथ शिक्षा के क्षेत्र में किए गए निपुण विधालय, नवाचारों, बच्चो के लर्निंग ऑउटकम, ड्रॉपआउट शून्य करने, नामांकन बढ़ाने, विद्यालय की 40 लाख की जमीन कब्जामुक्त करवाने व अन्य को लेकर दिया गया।

# महिलाओं को सशक्त बनाने हेतु विशेष जागरूकता अभियान शुरू

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** जिला प्रोबेशन अधिकारी सतीश चंद्र ने बताया है कि निदेशक महिला कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश के निदेर्शानुसार ₹संकल्प₹ हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन योजनांतर्गत 10 दिवसीय महिला सशक्तिकरण एवम् जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन ( दिनांक 02 सितंबर से 12 सितंबर 2025 तक ) के अन्तर्गत आज जिला महिला अस्पताल में ,₹बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ₹ थीम के अन्तर्गत प्रचार प्रसार किया गया।ढउढठऊळ एक्ट के बारे में बताया गया जिससे गिरते लिंगानुपात में सुधार लाया जा सके।

उन्होंने बताया कि इसी क्रम में (महिला-केंद्रित योजनाओं और नीतियों पर विशेष जागरूकता और क्षमता निर्माण सत्र/गतिविधियों का आयोजन) के क्रम में आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खलीलाबाद में जनजागरूकता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का प्रचार प्रसार किया गया।

कार्यक्रम में डीएमसी मोनिका शुक्ला, वन स्टॉप सेंटर मैनेजर ऋतुका दुबे, जेंडर स्पेलिस्ट शुभम चौधरी और अमन गौड़ सहित अन्य संबंधित आदि उपस्थित रहे।

# वेलकम इंडिया की खबर का असर आनन फानन नये बीएलओ को सौंपा कार्यभार

**विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया**

**प्रतापगढ़।** रामपुर सग्रामगढ ब्लाक अन्तर्गत ग्राम सभा पूरे बीरबल मे निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार बी एल ओ आपके द्वार प्रोग्राम के तहत मतदाता सूची मे सुधार और नये नामो को जोडे जाने हेतु बी एल ओ को कार्यभार सौपा गया था ।लेकिन लगभग बारह दिन बाद भी पोर्टल पर दर्शाए गये बी एल ओ ने काम न शुरू किया ।फिर भी ब्लाक तहसील और जिले के अधिकारी गहरी नीद मे रहे ?।उन्हे जैसे कुछ पता ही नही कि पूरे बीरबल मे मतदाता सूची सुधार हेतु बी एल ओ काम ?कर रहा है या नही और यदि काम अब तक नही शुरू हुआ तो क्यो नही शुरू हुआ।

उपरोक्त विषय मे ग्रामीणो के द्वारा सूचित होने पर वेलकम इन्डिया संवाददाता ने वी आर सी सी डी पी ओ एस डी एम बीडियो ए डी ओ से फोन ?पर बात की और कारण पूछा तो कोई भी अधिकारी सही जवाब न दे सका ।हा वेलकम इन्डिया की पहल का असर ये हुआ कि गहरी नीद से अधिकारी जागे और उन्होने आनन फानन नये बी एल ओ अरूण कुमार को नियुक्त किया।

बोले बी डी ओ -- हमे नही पता कब पुराना नाम कटा और कब नयी लिस्ट जारी हुई है ।हम अपने ए डी ओ से बात कर जल्दी ही निदान कराएगे ।

ए डी ओ बोले -- हमे जानकारी है देरी के कारण को पता करने के लिए हमने बी एस ए से पता किया तो पता चला कि पूर्व मे नियुक्त बी एल ओ अवकाश पर है दूसरी व्यवस्था की तो उसके यहा किसी की मौत हो चुकी है । अब अनिल सरोज को बी एल ओ बना दिया है । वो कल चार्ज लेगे और कल ही काम शुरू करेगे ।

लेकिन वेलकम इन्डिया के कयी सवाल ?से थे जिसका जवाब न बी डी ओ के पास था ना ए डी ओ के पास ।बी डी ओ ने कहा ए डी ओ से बात कर बताएगे कह पल्ला झाडा ? तो ए डी ओ ने बी एस ए का नाम ले बात खत्म करने का प्रयास किया और जब बी एस ए से इस विषय मे वात करने का प्रयास किया तो उनका मोबाइल ही नही उठा? ।

# पुलिस की कार्रवाई, तीन वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार



**कांधला।** थाना पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत 3 वारंटी गिरफ्तार किए हैं । पुलिस अधीक्षक शामली नरेंद्र प्रताप सिंह के आदेशों पर बुधवार को पुलिस ने दबिश देकर तीन वारण्टी,एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।लंबे समय से फरार चल रहे इन अभियुक्तों के खिलाफ अदालत से गैर जमानती वारंट जारी थे और पुलिस को इनकी तलाश थी।लगातार दबिश और मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों के नाम समीम उर्फ बाबा पुत्र नसीर निवासी मोहल्ला गांधी नगर कस्बा एलम, शौकिन पुत्र शमशाद निवासी मोहल्ला इस्लाम नगर बिजली घर रोड कांधला, तथा कासिम पुत्र मेहरद्दीन निवासी मोहल्ला इस्लाम नगर बिजली घर रोड कांधला, बताए गए हैं। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर दिया गया है।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि वंचित, वारंटियों के विरुद्ध एसपी के आदेश पर अभियान चलाया गया है, अभियान के अंतर्गत तीन वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

# चौकी प्रभारी साधना यादव ने अवैध मीट कारोबारियों पर कसा शिकंजा



**वेलकम इंडिया/मोहम्मद असलम**

**लखीमपुर-खीरी।** पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के निर्देशन में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत खीरी थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थानाध्यक्ष खीरी निराला तिवारी के नेतृत्व में चौकी प्रभारी कस्बा खीरी साधना यादव व उनकी पुलिस टीम ने अवैध मांस कारोबार करने वाले तीन आरोपियों को दबोच लिया।पुलिस ने उनके कब्जे से अवैध मांस के साथ एक अवैध असलहा 315 बोर और जिंदा कारतूस भी बरामद किया।

मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दबिश दी और तीनों आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर लिया।थाने पर पूछताछ के बाद पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए आरोपियों को जेल भेज दिया है।

थानाध्यक्ष निराला तिवारी ने कहा कि अपराधियों और अवैध कारोबार में लिप्त लोगों पर लगातार शिकंजा कसा जा रहा है।उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी सूरत में अपराध बख्शा नहीं जाएगा और कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस सख्त रुख अपनाए हुए है।चौकी प्रभारी साधना यादव ने बताया कि कस्बा क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और आगे भी इसी तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।

# कॉपोर्रेट घरानों से मिली भगत और बड़े घोटाले की आशंका को देखते हुए निजीकरण का निर्णय निरस्त की मांग

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के मामले में पावर कार्पोरेशन प्रबंधन की निजी घरानों से मिली भगत और बड़े घोटाले की आशंका को देखते हुए विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से निजीकरण के सारे प्रकरण में सीबीआई जांच की मांग की है और कहा है कि निजीकरण का निर्णय प्रदेश के व्यापक हित में तत्काल निरस्त किया जाए।

संघर्ष समिति के पदाधिकारी ई0 धनंजय सिंह ने बताया कि निजीकरण के मामले में प्रारंभ में ही जिस प्रकार अवैध ढंग से ट्रांजैक्शन कंसल्टेंट की नियुक्ति की गई उससे बड़े घोटाले की आशंका बलवती हो गई थी।

इसे देखते हुए संघर्ष समिति ने प्रारंभिक तौर पर ही निजीकरण के सारे मामले में बड़े भ्रष्टाचार की आशंका जताई थी।समिति ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ने वाली सबसे बड़ी संस्था ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल इंडिया से भी इस बाबत विचार विमर्श किया। विस्तृत विचार विमर्श के बाद ऐसे तथ्य सामने आए हैं जिससे ऐसा लगता है कि निजीकरण के मामले में बहुत बड़ा घोटाला और भ्रष्टाचार होने जा रहा है।

संघर्ष समिति के पदाधिकारी ई0 अजय चौरसिया ने आज ऐसे पांच बिंदुओं को सार्वजनिक करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से मांग की है कि उत्तर प्रदेश सरकार की भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति को देखते हुए निजीकरण के सारे मामले की तत्काल सीबीआई जांच कराई जाए। उन्होंने कहा कि पहला बिंदु विगत नवंबर में लखनऊ में विद्युत वितरण निगमों की मीटिंग है जिसमें निजी घरानों ने बड़ी संख्या में भागीदारी की थी और कार्यक्रम को स्पॉन्सर भी किया था। पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण की पृष्ठभूमि यही तैयार की गई थी।इस मीटिंग में देश के इतिहास में पहली बार शीर्ष प्रबंधन द्वारा डिस्कॉम एसोशिएशन बनाई है।

# राज कुमार गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में तीन दिन का नेक्सजेन हैकाथॉन का आयोजन

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद, ( अनिल वशिष्ठ)।** राज कुमार गोयल इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी गाजियाबाद में 4 से 6 सितंबर 2025 तक नेक्सजेन हैकाथॉन 2025 का आयोजन किया जा रहा है।यह 36 घंटे का नॉनस्टॉप कोडिंग और नवाचार हैकाथॉन है, जिसमें 16 से 25 वर्ष आयु वर्ग के युवा प्रतिभागी शामिल होंगे। यह प्रतियोगिता ऑल इंडिया स्तर पर आयोजित हो रही है और देश के 12 राज्यों से 30 प्रतिभाशाली टीमों के 103 छात्र, छात्राएं इसमें हिस्सा ले रहे हैं। हैकाथॉन का मुख्य फोकस स्मार्ट सिटीज, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं रोबोटिक्स, साइबर सिक्योरिटी और हेल्थ केयर जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर है। प्रतिभागी अपने विचारों को प्रोटोटाइप के रूप में प्रस्तुत करेंगे और विजेताओं को रु. 1,10,000 की पुरस्कार राशि फर्स्ट से फोर्थ पोजीशन तक प्रदान की जाएगी। इस प्रतियोगिता को तीन चरणों में विभाजित किया गया था। पहले और दूसरे राउंड में 22 राज्यों की 450 से अधिक टीमों के 1700 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें से गहन मूल्यांकन के बाद 30 टीमों को फाइनल राउंड के लिए शार्ट लिस्ट किया गया है।फाइनल राउंड 4 से 6 सितंबर 2025 को आयोजित होगा, जिसमें ये टीमें लगातार 36 घंटे तक अपनी प्रतिभा और नवाचार प्रस्तुत करेंगी। फाइनल में प्रतिभाग करने वाली टीमों में 65 छात्र एवं 38 छात्राएं शामिल हैं। आयोजन में विभिन्न इंडस्ट्रीज की भी सहभागिता है।कार्यक्रम की प्रेस वार्ता में संस्थान के ग्रुप एडवाइजर डॉ लक्ष्मण प्रसाद, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ डी के चौहान, डायरेक्टर डॉ बी सी शर्मा, डीन एक्रीडिटेशन डॉ रामेन्द्र सिंह, डीन एकेडमिक डॉ आर के यादव, डीन ई आई आई डॉ पुनीत चंद्र श्रीवास्तव, डॉ ललित (एचओडी, आई ओ टी), डॉ विनीश कुमार (एचओडी, ए आई एम-एल), डॉ प्रीती शर्मा (एचओडी, डेटा साइंस), डॉ मोनिका सचदेवा (प्रिंसिपल, फामेर्सी), डॉ ऋतू अग्रवाल (एचओडी, कंप्यूटर साइंस), डॉ सचिन गोयल मौजूद रहे।

# कुपोषित बच्चों को कुपोषण से मुक्त करने हेतु नगर पालिका परिषद नजीबाबाद मे एक कार्य बैठक का आयोजन हुआ


वेलकम इंडिया महमूद रजा




जनपद बिजनौर के नजीबाबाद कुपोषित बच्चो को कुपोषण से मुक्त करने हेतु एक कार्यशाला बैठक का आयोजन नगर पालिका परिषद नजीबाबाद द्वारा किया गया है। जिसकी अध्यक्षता श्री इंजीनियर मुअज्जम (चेयरमेन) नगर पालिका परिषद, नजीबाबाद ने की। जिसमें नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी श्रीमति मुक्ता सिंह, बाल विकास परियोजना अधिकारी, श्री विमल चौबे एवं नगर के प्रतिष्ठित बाल रोग विशेषज्ञ डॉ० अखलाक अहमद, नगर पालिका के कर अधीक्षक श्री योगेन्द्र सिंह, नगर पालिका के सफाई एवं खाद्य निरीक्षक, श्री आदेश कुमार सैनी, नगर पालिका के राजस्व निरीक्षक, श्री विपिन कुमार चौहान, नगर पालिका के सभासद, श्री ऐश्वर्य, श्री सुलतान, श्री इब्राहीम के अतिरिक्त नगर पालिका का स्टाफ एवं आगनवाड़ी कार्यकत्री और कुपोषित बच्चो के अभिभावक उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम में डॉ० अखलाक द्वारा कुपोषित बच्चो को कुपोषण से मुक्त करने हेतु टिप्स / सुझाव दिये। कार्यक्रम के अन्त में श्री इंजीनियर मुअज्जम (चेयरमेन) एवं अधिशासी अधिकारी श्रीमति मुक्ता सिंह द्वारा कुपोषित बच्चो को पोषण किट वितरित की गयी।

# रालोद के सांसद एवं विधायक एक माह का वेतन बाढ़ राहत कार्यो हेतु देंगे

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर, ( अनिल वशिष्ठ)।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने घोषणा की है कि पार्टी के सभी सांसद एवं विधायक अपने एक माह का वेतन बाढ़ राहत कार्यों हेतु देंगे। यह निर्णय आपदा की इस घड़ी में प्रभावित परिवारों को संबल और सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से लिया गया है।जयंत चौधरी ने कहा कि ब्लपूरे देश की संवेदनाएँ बाढ़ पीड़ितों के साथ हैं। राष्ट्रीय लोकदल सदैव आमजन के दुःख-दर्द में उनके साथ खड़ा रहा है और आगे भी रहेगा। यह योगदान बाढ़ पीड़ितों तक राहत पहुँचाने की हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है ब्ल उन्होंने सभी कार्यकताओं, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों से भी अपील की कि वे आगे आकर राहत और पुनर्वास कार्यों में सहयोग करें। राष्ट्रीय लोकदल इस आपदा को चुनौती नहीं, बल्कि एक अवसर मानता है झ जहाँ समाज के सभी वर्ग मिलकर एक-दूसरे का सहारा बनें।चेयरमैन अमरजीत सिंह (बिडडी), प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय लोकदल (सहकारिता प्रकोष्ठ), उत्तर प्रदेश ने कहा कि ब्लहम सभी कार्यकताओं का यह दायित्व है कि बाढ़ से प्रभावित प्रत्येक परिवार तक मदद और राहत पहुँचाने में सक्रिय भूमिका निभाएँ। राष्ट्रीय लोकदल किसान, मजदूर और आमजन की पार्टी है और ऐसे कठिन समय में हम पीड़ितों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहेंगे।ब्लउन्होंने इस निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि जयंत चौधरी जी का यह कदम न केवल मानवीय संवेदना का परिचायक है, बल्कि राजनीति से परे समाजसेवा की सच्ची मिसाल भी है।यह पहल हम सभी के लिए प्रेरणा है और निश्चित ही बाढ़ पीड़ि त परिवारों के लिए संबल सिद्ध होगी।

# देवेंद्र चौधरी को एमएलसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र चुनाव हेतु जिला संयोजक की जिम्मेदारी दी

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर, ( अनिल वशिष्ठ)।** भाजपा किसान मोर्चा के परदेस कार्यकारणीय सदस्य एवं किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष देवेंद्र चौधरी डायमंड को एमएलसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र चुनाव हेतु 2026 के लिए जिला संयोजक की जिम्मेदारी दी है उत्तर प्रदेश नेतृत्व, क्षेत्रीय नेतृत्व, जिले के जिला अध्यक्ष चौधरी चेनपाल के द्वारा देवेंद्र चौधरी डायमंड प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य को भारतीय जनता पार्टी को एमएलसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र चुनाव हेतु 2026 के लिए जिला संयोजक जिम्मेदारी दी है।देवेंद्र चौधरी डायमंड ने कहा कि ₹मैं पार्टी की जिम्मेवारी को पूरी ईमानदारी और निष्ठा से निभाऊंगा। पार्टी के आदर्शों और नीतियों को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहूंगा और निष्पक्ष तरीके से काम करूंगा। पार्टी की प्रगति और सफलता के लिए अपना योगदान देने का पूरा प्रयास करूंगा।₹ इसके अलावा नितिन मित्तल को सहसंयोजक, ललित त्यागी व आकाश गौतम को विधानसभा क्षेत्र संयोजक बनाया गया है। देवेंद्र चौधरी डायमंड को जिला संयोजक की जिम्मेदारी देने पर भाजपा कार्यकताओं में खुशी जाहिर करते हुए कहा कि एमएलसी स्नातक चुनाव में कार्यकर्ता भी अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे।

# लघु उद्योग भारती की पदाधिकारी ने मेरठ मंडल के कमिश्नर से की शिष्टाचार भेंट




वेलकम इंडिया

**मोदीनगर, ( अनिल वशिष्ठ)।** लघु उद्योग भारती मेरठ संभाग के प्रतिनिधि मंडल ने मेरठ के उपायुक्त ऋषिकेश भास्कर से शिष्टाचार भेंट की व सभी ने अपने आपने अपने क्षेत्र की वर्तमान में आ रही समस्याओं से उपायुक्त महोदय को अवगत कराया उन्होंने शीघ्र ही समस्याओं के निवारण का आश्वासन दिया।मुलाकात में मोदीनगर से अमित अग्रवाल संभाग कार्यकारिणी सदस्य, सतेन्द्र कुमार गौतम अध्यक्ष लघु उद्योग भारती मोदीनगर, व महासचिव प्रवीन डबास भी उपस्थित रहे।

# बच्चों की कामयाबी पर गुरु और मां-बाप को होती है दिल से खुशी-डा. अरुण त्यागी

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर, ( अनिल वशिष्ठ)।** गोविंदपुरी स्थित छाया पब्लिक स्कूल ने अपने पूर्व होनहार छात्र शोभित नेहरा जो उमेश मोदी ग्रुप में डिप्टी जनरल मैनेजर लीगल पद पर कार्यरत हैं ,उनकी इस उपलब्धि के लिए निर्देशक प्रधानाचार्य डॉक्टर अरुण त्यागी ने उन्हें आशीर्वाद व शुभकामनाएं दी और कहा की जिस शिद्दत व समर्पण के साथ शोभित अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाह कर रहे हैं।वह अपने आप में बेमिसाल है। मां-बाप और गुरु के लिए वह पल बड़े ही सुखद व अनमोल होते हैं।जब उनका बच्चा किसी ऐसे पद पर विराजमान होता है जहां देखने वालों की गर्दन में बल पड़ जाए शोभित नेहरा हमारे उन्हीं छात्रों में से एक है और अपने पद की गरिमा को उच्च लक्ष्य व उद्देश्यों के साथ बखूबी निभा रहे हैं। छाया स्कूल परिवार अपने ऐसे होनहार चमकते सितारों पर गर्व व फक्र का अनुभव करता है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता है। इस अवसर पर योग गुरु आशीष, अतुल शर्मा अर्चना शर्मा आदि लोगों की गरिमामय उपस्थिति रही।

# जवाहरलाल मेमोरियल कॉलेज ने बेस्ट प्रैक्टिसेज व आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी में प्रथम स्थान प्राप्त किया

वेलकम इंडिया



**मुरादनगर, ( अनिल वशिष्ठ)।** जनपद हापुड़ में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित दो दिवसीय नवाचार महोत्सव में जवाहरलाल मेमोरियल गर्ल्स इंटर कॉलेज ने बेस्ट प्रैक्टिसेज व आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी में प्रथम स्थान प्राप्त किया।प्रधानाचार्या रेणु तोमर ने बताया कि जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान हापुड़ में दो व तीन सितंबर को नवाचार महोत्सव का आयोजन किया गया। इस आयोजन में प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य, प्रवक्ता एवं शिक्षकों ने अपनी-अपनी नवाचारी प्रस्तुतियाँ दीं। प्रधानाचार्या रेणु तोमर ने बेस्ट प्रैक्टिसेज प्रस्तुत कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि विद्यालय की प्रवक्ता (गृह विज्ञान) मंजू सिंह ने आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी में माध्यमिक स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय परिवार के लिए यह गर्व का विषय है कि नवाचार महोत्सव के दोनों दिनों में प्रथम स्थान जवाहरलाल विद्यालय ने प्राप्त कर शैक्षिक गुणवत्ता और रचनात्मकता में अपनी अग्रणी भूमिका सिद्ध की। इसके अलावा रंजना, सविता, गंगा कुमारी, नीतू, इंदिरा और निधि ने भी अपनी प्रस्तुतियों से सभी को प्रभावित किया।

# निर्वाण फाउंडेशन ने बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए विशेष राहत पैकेज की मांग की

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर, ( अनिल वशिष्ठ)।** सामाजिक संस्था निर्वाण फाउंडेशन ने प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और आपदा प्रबंधन मंत्रालय को पत्र भेजकर तुरंत विशेष राहत पैकेज, पुनर्वास व्यवस्था और मुआवजे की माँग की है।संस्था ने कहा है कि यह समय राजनीति करने का नहीं बल्कि एक-दूसरे का हाथ थामने का है।सामाजिक संस्था निर्वाण फाउंडेशन के संस्थापक ईश्वर चंद्र ने बताया देश के कई राज्य झ पंजाब, हरियाणा, हिमाचल, जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड झ इन दिनों भयंकर बाढ़ की तबाही से जूझ रहे हैं। कहीं बच्चे माँ-बाप से बिछुड़ गए, कहीं बुजुर्ग अपने घर-आँगन को डूबते हुए असहाय नजरों से देख रहे हैं। खेत-खलिहान पानी में समा चुके हैं, लाखों लोग भूख-प्यास और बीमारी से जूझ रहे हैं। संस्था ने कहा कि असली समाज सेवा चमकदार बैनरों में नहीं, बल्कि भूखे को रोटी, नंगे को कपड़ा और बेघर को आश्रय देने में है।संस्था ने देशवासियों से अपील की है कि आज जरूरत है कि हर नागरिक मानवता के नाम पर आगे आए।

# राज कुमार गोयल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में नवाचार का महाकुंभ

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** राज कुमार गोयल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आरकेजीआईटी) में 4 से 6 सितम्बर 2025 तक नेक्सजेन हैकाथॉन 2025का आयोजन होने जा रहा है। यह तीन दिवसीय राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता युवा नवाचार और प्रौद्योगिकी का अद्वितीय संगम बनने जा रही है। इसमें 16 से 25 वर्ष आयु वर्ग के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं।इस हैकाथॉन की सबसे बड़ी खासियत यह है कि प्रतिभागी टीमों को लगातार 36 घंटे तक कोडिंग और समाधान विकास करना होगा। इस दौरान छात्र-छात्राएं स्मार्ट सिटी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), रोबोटिक्स, साइबर सुरक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं जैसे प्रमुख क्षेत्रों से जुड़े अपने विचारों को व्यवहारिक रूप देंगे। प्रतियोगिता के विजेताओं को कुल 1 लाख 10 हजार रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी।

# सड़क सुरक्षा पर डीएम सख्त, हर जीवन अनमोल है

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की मासिक समीक्षा बैठक में बुधवार को जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने सड़क सुरक्षा को लेकर अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने स्पष्ट कहा कि हर जिन्दगी अनमोल है और उसकी रक्षा करना ही हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। जिलाधिकारी ने कहा कि जिला सड़क सुरक्षा समिति का गठन सिर्फ कागजों में नहीं, बल्कि धरातल पर परिणाम लाने के लिए हुआ है। सड़क दुर्घटनाओं को रोकना, घायलों को समय पर उपचार उपलब्ध कराना और सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करना सभी विभागों का दायित्व है। उन्होंने अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारियों को पूरी ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ निभाने के निर्देश दिए। श्री माँदड़ ने शिक्षा विभाग को आदेशित किया कि विद्यालयों में सड़क सुरक्षा संबंधी जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएं। बच्चों को न सिर्फ यातायात नियमों की जानकारी दी जाए बल्कि उन्हें इस बात के लिए भी प्रेरित किया जाए कि वे अपने परिवार और समाज को भी इन नियमों के पालन हेतु जागरूक करें।

जिलाधिकारी ने पुलिस और एआरटीओ को निर्देशित किया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। उन्होंने कहा कि बिना डर और सख्ती के लोग नियमों का पालन नहीं करते, इसलिए दंडात्मक कार्रवाई जरूरी है। स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि दुर्घटना की सूचना मिलते ही एम्बुलेंस और स्वास्थ्य टीम मौके पर पहुंचनी चाहिए।एम्बुलेंस में प्रशिक्षित कर्मी, आवश्यक दवाएं और उपकरण हर समय उपलब्ध हों। स्वास्थ्य कर्मियों को इस बात का प्रशिक्षण होना चाहिए कि मौके पर तुरंत कौन-सा कदम उठाना है जिससे मरीज की जान बचाई जा सके। श्री माँदड़ ने कहा कि जनपद में कोई भी स्थान ब्लैक स्पॉट के रूप में नहीं रहना चाहिए। वर्ष 2023 में चिन्हित ब्लैक स्पॉट का पुनः निरीक्षण कर अधूरे कार्यों को तत्काल पूरा किया जाए। वहीं 2024 और 2025 में दुर्घटनाओं के आधार पर नए ब्लैक स्पॉट का चिन्हांकन कर समय रहते सुधार कार्य पूरे किए जाएं।उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि अगली समीक्षा बैठक तक इस दिशा में ठोस परिणाम देखने को मिलने चाहिए।जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा एक विभाग का काम नहीं बल्कि सामूहिक जिम्मेदारी है।यदि पुलिस, स्वास्थ्य, शिक्षा, लोक निर्माण विभाग और नगर निगम आपसी तालमेल से काम करेंगे तो सड़क दुर्घटनाओं में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है। बैठक में अपर जिलाधिकारी नगर, लोक निर्माण विभाग, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, एनसीआरटीसी, नगर निगम और अन्य कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारी उपस्थित रहे।

# जनपद को नशा मुक्त बनाने के लिए सभी विभाग समन्वय बनाकर करें कार्य: जिलाधिकारी

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** जनपद में मादक पदार्थों (नारकोटिक्स) की बिक्री व तस्करी के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में बुधवार को जिलाधिकारी विन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में नारको को-ऑर्डिनेशन सेंटर की महत्वपूर्ण बैठक आहूत हुई।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने कहा कि जनपद में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार, नशे की खरीद-फरोख्त और ड्रग ट्रैफिकिंग के विरुद्ध अभियान को और तेज करने की आवश्यकता है।उन्होने पुलिस विभाग द्वारा नशे के विरूद्ध की जा कार्यवाही के बारे में विस्तार से जाना, उन्होने तस्करी करने वालों की गिरफ्तारी के बाद बरामद किये जाने वाले नशे के सामान के डिस्पोजल से सम्बंधित जानकारियों से अवगत हुए। जिलाधिकारी महोदय ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्कूल/कॉलेजों में नशे की रोकथाम हेतु जागरूकता कार्यक्रम चलाये जाएं, साथ ही कक्षा 9 और उससे उच्च शिक्षा के विद्यालय/कॉलेजों में विद्यार्थियों को ड्रग्स के प्रति जागरूक करें। उन्हें बताएं एवं समझाएं नशा उनके लिए कितने हानिकारक/खतरनाक हैं। उन्होने कहा कि ड्रग्स के खिलाफ यह अभियान ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में भी चलवाया जाये, जिससे कोई भी ड्रग्स का शिकार ना हो सकें। हमें हर युवा को ड्रग्स से बचाना है, इसके लिए विशेष अभियान चलायें। जिलाधिकारी महोदय ने इस सम्बंध में मनोरंजन व जीएसटी विभाग को भी निर्देशित किया कि वे सिनेमा हॉल में ड्रग्स से सावधानी के विषय पर शार्ट फिल्म भी चलवायें, युवाओं में जागरूकता लाई जा सके और जिससे वे नशे से बच सकें। उन्होने कहा कि मीडिया सोशल मीडिया के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम तो चलवाये ही साथ ही नशे के शिकार हुए लोगों के बारे में भी बताये और नशा का कारोबार करने वाले दोषियों पर होने वाली कार्रवाई से भी अवगत करायें। उन्होने कहा कि दिशा-निदेर्शों के क्रम में नियमानुसार सभी स्कूलों के बाहर चैकिंग अभियान चलायें कि कहीं कोई शिक्षण संस्थान के पास नशे का कारोबार तो नहीं कर रहा है, यदि ऐसा पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएं। जनपद को नशा मुक्त बनाने के लिए सभी विभाग पुलिस, नगर निगम, जीडीए सहित अन्य समन्वय बनाते हुए कार्य करेंगे तो गाजियाबाद नशा मुक्त हो सकेगा। बैठक में एडीएम सिटी, एड.डीसीपी क्राईम, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, नारकोटिक्स सेल, खाद्य विभाग, ड्रग इंस्पेक्टर, डीपीओ, समाज कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग, वन विभाग, यातायात विभाग के अधिकारी/प्रतिनिधि सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए आगे आया राष्ट्रीय लोकदल

**वेलकम इंडिया**





**गाजियाबाद।** देश के कई हिस्सों में बाढ़ की विभीषिका से लाखों लोग प्रभावित हैं। ऐसी आपदा की घड़ी में राष्ट्रीय लोकदल ने मानवीय संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय देते हुए एक बड़ा निर्णय लिया है।

पार्टी ने घोषणा की है कि सांसद जयंत चौधरी के नेतृत्व में राष्ट्रीय लोकदल के सभी विधायक अपने एक महीने का वेतन बाढ़ राहत कार्यों के लिए दान करेंगे। राष्ट्रीय लोकदल का मानना है कि आज पूरे देश को बाढ़ पीड़ितों के साथ खड़ा होना चाहिए। प्राकृतिक आपदा से जूझ रहे लोगों के दर्द को कम करने और उन्हें राहत पहुंचाने में हर व्यक्ति की भूमिका महत्वपूर्ण है। यही कारण है कि पार्टी के सभी जनप्रतिनिधियों ने एक स्वर में इस निर्णय का समर्थन किया। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ) इंद्रजीत सिंह टीटू ने कहा कि पूरा देश आज बाढ़ पीड़ितों की पीड़ा को महसूस कर रहा है। यह सिर्फ सरकार या किसी एक संस्था की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि हर नागरिक का दायित्व है कि वह इस संकट की घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा हो। सांसद जयंत चौधरी जी के नेतृत्व में पार्टी के विधायक अपने एक महीने का वेतन दान कर एक संदेश देना चाहते हैं कि हम सब मिलकर इस आपदा से प्रभावित लोगों की मदद करेंगे। राष्ट्रीय लोकदल हमेशा किसानों, मजदूरों और आम जनता के साथ खड़ा रहा है और आगे भी खड़ा रहेगा। इंद्रजीत सिंह टीटू ने आगे कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्यों को तेज करने के लिए संसाधनों की आवश्यकता है। ऐसे में लोकदल का यह कदम निश्चित रूप से पीड़ित परिवारों के लिए राहत लेकर आएगा। उन्होंने देशवासियों से भी अपील की कि वे आगे बढ़कर बाढ़ प्रभावितों की मदद करें। राष्ट्रीय लोकदल का यह निर्णय न केवल राजनीतिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है।

## लोनी क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांवों का जिलाधिकारी के निर्देश पर निरीक्षण

**गाजियाबाद।** हरियाणा के हथिनी कुंड (ताजेवाला) बैराज से छोड़े जा रहे अत्यधिक जल ने यमुना नदी के जलस्तर को खतरनाक स्तर तक पहुँचा दिया है। इसके चलते तहसील लोनी क्षेत्रान्तर्गत कई गांवों में बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। बढ़ते जलस्तर और प्रभावित परिवारों को आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। इसी कड़ी में 03 सितम्बर 2025 को अपर जिलाधिकारी (वि/रा) सौरभ भट, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी लोनी दीपक सिंघनवाल तथा तहसीलदार लोनी डॉ. अरुण कुमार अग्रवाल ने बुधवार को मुख्य अभियंता, सिंचाई विभाग ओखला खण्ड के साथ प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने ग्राम बदरपुर, मीरपुर हिन्दू, पचायरा, इलायचीपुर, लुत्फुल्लापुर नवादा और अल्लीपुर का भ्रमण कर हालात का जायजा लिया और बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों से बातचीत की। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि एनडीआरएफ की टीम ग्राम बदरपुर से लोगों को नावों की मदद से सुरक्षित निकाल रही है। प्रभावित परिवारों के लिए 12 शरणालय स्थल बनाए गए हैं जहाँ उन्हें ठहराने की व्यवस्था की गई है। शरणालयों में खाद्य पैकेटों का वितरण, पेयजल की पर्याप्त आपूर्ति और बिजली की अस्थायी व्यवस्था की गई है ताकि लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। प्रशासन ने प्रभावित परिवारों के साथ–साथ उनके मवेशियों के लिए भी पर्याप्त चारे की व्यवस्था सुनिश्चित की है। आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए नावों और गोताखोरों की टीमें पूरी तरह तैयार हैं। एनडीआरएफ की टीम मौके पर मौजूद रहकर लगातार राहत और बचाव कार्य में जुटी हुई है। बाढ़ की स्थिति को देखते हुए पचायरा बाढ़ चौकी पर अतिरिक्त स्टाफ की तैनाती की गई है। इसके अलावा गांव स्तर पर बनी बाढ़ सुरक्षा समितियां भी सक्रिय रूप से काम कर रही हैं और प्रशासन को सहयोग कर रही हैं। यमुना नदी का जलस्तर इस समय 211.75 मीटर पर बना हुआ है। जिला प्रशासन लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि फिलहाल हालात नियंत्रण में हैं, लेकिन किसी भी संभावित संकट से निपटने के लिए प्रशासन पूरी तरह चौकस है। अधिकारियों ने प्रभावित परिवारों से बातचीत करते हुए उन्हें आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन हर स्थिति में उनके साथ है। राहत सामग्री, चिकित्सा सहायता और अन्य आवश्यकताओं को प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराया जा रहा है।

## नए छात्रों के स्वागत में सजा उत्सव, प्रेरक विचारों से गूंजा संस्थान

**एनसीआर।** एचआईएमटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस ने बुधवार को आरंभ 2025 ओरिएंटेशन प्रोग्राम का सफल आयोजन कर एक नई परंपरा को आगे बढ़ाया। यह आयोजन संस्थान के नए छात्रों के लिए सिर्फ शैक्षणिक वर्ष की शुरूआत नहीं बल्कि जीवन के नए अध्याय का उद्घाटन था। कार्यक्रम में प्रेरणा, मार्गदर्शन और उत्साह की अनूठी झलक देखने को मिली। पूरे परिसर में जोश, उमंग और भविष्य के सपनों की चमक महसूस की जा सकती थी। समूह निदेशक प्रो. (डॉ.) सुधीर कुमार ने अपने जोशीले संबोधन में कहा कि भविष्य उन लोगों का है जो सीखने की जिज्ञासा रखते हैं, कठिन परिस्थितियों में लचीले रहते हैं और जोखिम लेने का साहस दिखाते हैं। उन्होंने छात्रों को स्पष्ट संदेश दिया कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का साधन नहीं बल्कि समाज पर सकारात्मक प्रभाव डालने की शक्ति है। डॉ. कुमार ने विद्यार्थियों को भरोसा दिलाया कि एचआईएमटी का वातावरण उन्हें हर चुनौती का सामना करने और अपनी पहचान बनाने के लिए तैयार करेगा। समूह अध्यक्ष एच.एस. बंसल ने अपने आशीर्वचन में कहा कि एचआईएमटी में शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं है। यहां पर अनुशासन, ईमानदारी, सहानुभूति और सामाजिक जिम्मेदारी जैसे मूल्यों पर विशेष बल दिया जाता है। उन्होंने कहा कि योग्यता किसी को अवसर दिला सकती है लेकिन असली पहचान उसका चरित्र ही बनाता है। श्री बंसल ने छात्रों को आश्वस्त किया कि संस्थान उनके बौद्धिक और नैतिक विकास दोनों का ख्याल रखेगा। मेजर जनरल प्रवीण कुमार मुख्य अतिथि के रूप में मंच पर उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए शिक्षा के बदलते आयामों पर प्रकाश डाला और कहा कि बदलते समय में सफलता का मार्ग केवल उन लोगों के लिए है जो नवाचार को अपनाते हैं और निरंतर सीखते रहते हैं। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे पढ़ाई के साथ–साथ तकनीकी और सामाजिक बदलावों के प्रति भी सजग रहें। कीर्ति मिश्रा नारंग और मेजर मोहम्मद अली शाह गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों को जीवन में संतुलन का महत्व समझाते हुए कहा कि शैक्षणिक गतिविधियों के साथ–साथ पाठ्येतर गतिविधियों में भी सक्रिय रहना चाहिए, तभी सच्चा व्यक्तित्व विकास संभव है।

# शिकायतकर्ता को मिलेगा त्वरित और गुणवत्तापूर्ण न्याय, अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने बुधवार को जनसुनवाई आयोजित की। प्रतिदिन की तरह इस बार भी बड़ी संख्या में प्रार्थी अपनी शिकायतें और समस्याएँ लेकर पहुँचे। जिलाधिकारी ने सभी की बातें ध्यानपूर्वक सुनीं और अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिकायत प्राप्त होते ही निस्तारण की कार्यवाही प्रारंभ की जाए।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनता को दौड़ाने के बजाय समस्याओं का समाधान मौके पर और गुणवत्तापूर्ण तरीके से होना चाहिए। जनसुनवाई में नगर निगम, पुलिस विभाग, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग और राजस्व विभाग से संबंधित दर्जनों शिकायतें सामने आईं। जिलाधिकारी ने हर शिकायत को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों से कहा कि स्थलीय निरीक्षण योग्य मामलों की तुरंत जांच करें और निस्तारण के बाद शिकायतकर्ता से फीडबैक लेना अनिवार्य है। कार्यक्रम के दौरान कई मानवीय पहलू भी सामने आए। एक वृद्ध ने जिलाधिकारी से गुहार लगाई कि उसके ही बच्चों ने उसे पैतृक घर से निकाल दिया है और वह दर-दर भटक रहा है। इस पर जिलाधिकारी ने तत्काल संबंधित अधिकारी को फोन कर बुजुर्ग को न्याय दिलाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार साहिबाबाद निवासी एक व्यक्ति ने अपनी जमीन पर हो रहे अवैध कब्जे की शिकायत की, जिस पर जिलाधिकारी ने थाना प्रभारी को जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने को कहा। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को दोहराया कि शिकायतों को केवल कागजों तक सीमित न रखें, बल्कि जनता को वास्तविक समाधान उपलब्ध कराना ही प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास बनाए रखना प्रशासन का दायित्व है और यह तभी संभव है जब हर प्रार्थी को न्याय और संतोषजनक समाधान मिले। जनसुनवाई के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट डॉ. संतोष कुमार उपाध्याय, आईएएस अधिकारी अयान जैन और एसीएम राजेन्द्र कुमार भी मौजूद रहे।

# 4000 से अधिक मरीजों को मिला नि:शुल्क उपचार




**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** दिल्ली मेरठ रोड़ स्थित आईटीएस डेंटल कॉलेज, मुरादनगर द्वारा अगस्त के महीने को जनस्वास्थ्य सेवा को समर्पित कर दिया। पूरे माह में संस्थान द्वारा गाजियाबाद जिले के विभिन्न इलाकों में लगातार स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों के जरिए करीब 4000 से अधिक मरीजों को निःशुल्क उपचार और परामर्श उपलब्ध कराया गया। कॉलेज ने न केवल ग्रामीण क्षेत्रों बल्कि शहरी सोसायटियों तक पहुंच बनाकर लोगों को मौखिक स्वच्छता के महत्व और दंत रोगों की रोकथाम के बारे में जागरूक किया। आईटीएस डेंटल कॉलेज की टीम ने भोजपुर, मोहन नगर, लोनी, नाहल, आकाश नगर, विजयनगर, जावली, सदरपुर, कलछीना, नेकपुर, नंदग्राम, नेयफल, सुराना, मानकी और डिकोली जैसे ग्रामीण एवं कस्बाई इलाकों में कैंप लगाए। वहीं दूसरी ओर ऑफिसर सिटी-2, वीवीआईपी एड्रेस, आशियाना पालम कोर्ट और हिमालया तनिष्क जैसी प्रतिष्ठित हाउसिंग सोसायटियों में भी शिविर आयोजित कर हजारों परिवारों को लाभ पहुँचाया गया। आईटीएस डेंटल कॉलेज ने पुलिस कमिश्नरेट रिजर्व पुलिस लाइंस में पुलिसकर्मियों और उनके परिजनों के लिए विशेष निशुल्क स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किया।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बचाव कार्य युद्ध स्तर पर, प्रभावित के ठहरने हेतु 12 शरणालयः सौरभ भट्ट

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** हरियाणा प्रदेश के हथिनी कुंड (ताजेवाला) बैराज से छोडे जा रहे अत्यधिक जल की मात्रा को दृष्टिगत रखते हुए जनपद गाजियाबाद के तहसील लोनी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बदरपुर, मीरपुर हिन्दू, पचायरा, इलायचीपुर, लुत्फुल्लापुर नवादा, अल्लीपुर में बढे हुए जलस्तर एवं प्रभावित परिवारो को आवश्यक सुविधाऐ उपलब्ध कराने हेतु जिलाधिकारी गाजियाबाद के निदेशों के अनुपालन में दिनांक 03.09.2025 को श्री सौरभ भट्ट, अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०), श्री दीपक सिंघनवाल ज्वाईंट मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी लोनी एवं डॉ० अरूण कुमार अग्रवाल तहसीलदार लोनी द्वारा मुख्य अभियंता, सिंचाई विभाग ओखला खण्ड के साथ प्रभावित क्षेत्रो का निरीक्षण किया गया तथा बाढ़ प्रभावित स्थानो से निकाले गये व्यक्तियों के साथ वार्ता की गयी। अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) गाजियाबाद द्वारा बताया गया कि एन० डी०आर०एफ० टीम द्वारा ग्राम बदरपुर से लोगो को नाव की सहायता से निकाला जा रहा है। प्रभावित व्यक्तियो के ठहरने हेतु 12 शरणालय स्थल बनाये गये है, जहाँ उनके लिये खाद्य पैकेटो का वितरण कराया जा रहा है। पेयजल की पर्याप्त की व्यवस्था है। प्रशासन द्वारा प्रभावित परिवारो की सूची तैयार कर ली गयी है। प्रभावित परिवारों के मवेशियो हेतु पर्याप्त चारे उपलब्ध कराया गया है। किसी भी आकस्मिकता की स्थिति के लिये नावों एवं गोताखोरो की पर्याप्त व्यवस्था है तथा एन०डी०आर०एफ० की टीम मौके पर मौजूद है। ग्राम स्तर पर बाढ सुरक्षा समितियों सक्रिय है एवं बचाव कार्य में सहयोग कर रही है। यमुना नदी का जलस्तर 211.75 मी० बना हुआ है। जिला प्रशासन द्वारा सर्तक दृष्टि रखी जा रही है तथा स्थिति नियंत्रण में है।







# वादी संवाद दिवस ने बदल दी तस्वीर, थानों में पहुँचे 562 वादी

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** पुलिस आयुक्त जे. रविंदर गौड़ की सोच और संवेदनशीलता ने गाजियाबाद के वादियों और पीड़ितों को नई उम्मीद और सुकून का अहसास कराया है। जो वादी अब तक अपने मुकदमों की विवेचना की जानकारी के लिए थानों और अधिकारियों के कार्यालयों के चक्कर लगाते रहते थे और फिर भी संतोषजनक जवाब नहीं पा पाते थे, उनके लिए बुधवार का दिन खास रहा। पुलिस आयुक्त द्वारा शुरू की गई वादी संवाद दिवस मुहिम ने न केवल उनकी परेशानियों को दूर किया, बल्कि न्याय व्यवस्था में विश्वास को और मजबूत किया। पुलिस आयुक्त ने निर्देश दिए थे कि हर बुधवार सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक सभी थानों में वादी संवाद दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान विवेचक स्वयं वादियों को लंबित विवेचनाओं की अपडेट देंगे और उनसे पूछे गए हर सवाल का जवाब देंगे। यही नहीं, सभी एसीपी को भी आदेशित किया गया है कि वे अपने-अपने सर्किल के किसी एक थाने में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें और संवाद प्रक्रिया की निगरानी करें। बुधवार को आयोजित वादी संवाद दिवस में थानों का नजारा बदला-बदला दिखाई दिया। नगर, ट्रांस हिण्डन और ग्रामीण तीनों जोनों में वादी बड़ी संख्या में पहुंचे और उन्हें अपने मामलों की स्थिति की जानकारी दी गई। आंकड़ों पर नजर डालें तो नगर जोन में 119, ट्रांस हिण्डन जोन में 114 और ग्रामीण जोन में 329 वादी उपस्थित हुए। इस तरह कुल मिलाकर गाजियाबाद कमिश्नरेट में 562 वादियों ने वादी संवाद दिवस में भाग लेकर राहत और संतोष की सांस ली। वादी संवाद दिवस की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि पीड़ितों को थानों के चक्कर लगाने से छुटकारा मिला। उन्हें पहली बार लगा कि उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना जा रहा है और मुकदमों की विवेचना में पारदर्शिता लाई जा रही है। कई वादियों ने यह भी स्वीकार किया कि इस पहल से उनके मन में पुलिस के प्रति भरोसा और बढ़ा है। पुलिस आयुक्त जे. रविंदर गौड़ ने कहा कि इस मुहिम का उद्देश्य वादियों को त्वरित और संतोषजनक न्याय उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी जनता को विश्वास दिलाना है कि उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और सुलझाया जाएगा।

# पीसीपीएनडीटी एक्ट पर कार्यशाला और आंगनबाड़ी-एएनएम कार्यकताओं का क्षमता निर्माण प्रशिक्षण आयोजित

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** जिला प्रशासन गाजियाबाद के निदेर्शानुसार महिला कल्याण विभाग द्वारा बुधवार को जिला संयुक्त चिकित्सालय संजय नगर में एक भव्य कार्यशाला और प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत पीसीपीएनडीटी अधिनियम पर केंद्रित रहा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा बहुएं और एएनएम कर्मचारी शामिल हुए जिन्होंने पूरे उत्साह और गंभीरता के साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन पीसीपीएनडीटी नोडल अधिकारी डॉ. अनुराग ने किया। उन्होंने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि भ्रूण लिंग चयन जैसी कुप्रथाएं समाज के लिए घातक हैं और इन्हें जड़ से समाप्त करने के लिए पीसीपीएनडीटी अधिनियम का पालन करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने प्रतिभागियों को इस अधिनियम की कानूनी धाराओं और नियमों की गहन जानकारी दी ताकि वे अपने-अपने क्षेत्र में जागरूकता फैलाकर इस सामाजिक बुराई पर प्रभावी ढंग से रोक लगा सकें। डॉ. अनुराग ने यह भी कहा कि बेटी केवल परिवार का गौरव नहीं बल्कि समाज और देश की धरोहर है, इसलिए उसकी सुरक्षा और शिक्षा हम सबकी जिम्मेदारी है। कार्यशाला के दौरान हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन द्वारा भी विशेष सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें समस्त आशाओं को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, कन्या सुमंगला योजना और महिला कल्याण विभाग की अन्य योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।